"Of course, we talk like politicians when we talk about system, influences, objectives or organisations as though we were talking about education. Education takes place in concrete situations with particular people and things. A school filled to the roof with educational materials and equipment and staffed with highly trained and qualified teachers will be an educational monstrosity if the staff are not loving, sexually mature and healthy adults, convinced from their own experience that children are born with all the impulses necessary for their full growth as human beings."

बच्चों के बारे में एक जगह पर टैगोर ने कहा था---मेरे विचारों का स्कूल क्या होना चाहिये---जहां घर और मन्दिर का एकीकरण हो और उनको शिक्षा प्रार्थनामय जीवन का अंग हो । नूरुलहसन साहब, चाहे घर-घर जाकर आपको भीख मांगनी पड़े कुछ और करना पड़े, लेकिन मेहरबानी करके बच्चों के साथ अच्छे शिक्षक मुकर्रर कीजिये । पंचायतों और नगरपालिकाओं में राटन-टीचर्स बच्चों के साथ लगाये जाते हैं, सच्चे शिक्षक के लिये वहां कोई स्थान नहीं है । शिक्षक कौन बन सकता है ? शिक्षक वह बन सकता है जो रोज पढ़ता हो, जिनके पास पहनने को कपड़े नहीं हैं उनको शिक्षक रख दिया है और आप वहां जाते हैं---मेहमान बन कर, उन स्कूलों का उद्घाटन करने के लिये । इन स्कूलों के अन्दर आमूल-चूल परिवर्तन आना चाहिये । इसीलिये श्रीमती इन्दिरा गांधी ने कहा है---ऐसा न हो कि ये टाकिंग सेन्टर हो जाय क्योंकि बातें करने के स्कूल आज बहुत खुल गये हैं । शिक्षक-पोलिटीशियन्ज तो आज बातें करने में आसमान के तारे तोड़ते हैं, वे नहीं चाहते कि इस काम में कहीं कमी रह जाय ।

"I have only said all these things so that this Board does not follow the rotine patern as most Boards do and as I started by saying becomes a mere talking shop."

श्री गंगा शरण सिंह ने भी एक रिपोर्ट दी थी---1968 में, जिसका जिक्र अभी सोखी साहब ने किया था---मैं पूछता हूं---क्या उसका इम्पलीमेंटेशन हुआ । आप इस रेजोल्यूशन को लाये हैं---यह 1974 का है, लेकिन 1976 में आया है---कोई प्वाइन्ट इसमें नहीं छोड़ा है, इतना सक्षम नेशनल पालिसी का रेजोल्यूशन आया है, लेकिन मैं आपसे अर्ज करूंगा---शिक्षा के मामले में मेहरबानी करके, खास कर छोटे बच्चों की

शिक्षा के मामले में—पूरा परिवर्तन कर दीजिये।

तीसरी बात—बच्चों के लिये अच्छा साहित्य निकालना चाहिये, उनके लिये अच्छी किताबें छापनी चाहिये। छोटे छोटे स्कूलों के लिये जो भी लिट्रेचर निकले वह बहुत अच्छा हो, ज्यादा अच्छी फिल्में बनाई जायें और उन फिल्मों को गांवों में दिखाया जाय और वे फिल्में इतनी असरवाली होनी चाहिये, जिस से उनके जीवन में परिवर्तन आ सके। लेकिन यहां एक बात कहूं जरूरी है—उन बच्चों की सब से पहली पाठशाला तो उनका अपना घर है, उनके मां-बाप ही उनके सबसे पहले शिक्षक हैं। उन के घर के वातावरण का उन पर सब से पहला प्रभाव पड़ता है। अभी चन्द्रप्पन साहब बोल रहे थे—मैं नहीं समझता कि वे खुद अपने घर में अपने बच्चों पर कितना ध्यान देते होंगे। जब मां-बाप ही राजनीति में कूदते फिरें, तो फिर बच्चे भी बिना मतलब के लीडर बन जाते हैं। इसलिये सब से पहली जिम्मेदारी तो मां-बाप पर आती है ....

श्री नरेन्द्र कुमार पी० साल्वे (बेतुल) वे भी नेता बन जायेंगे।

श्री मूल चन्द डागा इसका अनुभव आपको ज्यादा है। मैं निवेदन कर रहा था कि बच्चों के लिये सब से पहली पाठशाला उनका घर है, इस की तरफ ध्यान देना चाहिये। आपने इसमें वालंटरी आर्गनिजेशन्ज की तरफ काफी ध्यान दिलाया है। बच्चों की एजूकेशन के लिये मैं एक बात आपसे कहना चाहता हूं।

एक बहुत बडा कानून आप बनाने जा रहे हैं कि कान्स्टीट्यूशन में एजूकेशन सेन्ट्रल सबजेक्ट हो। आज तो हालत यह है कि स्टेटों में 14 बोर्ड बने हुए हैं। उन्होंने साल में एक बार मीटिंग कर ली और अखबारों में मीटिंग का सभापतित्व करते हुए श्री डी० पी० यादव का फोटो आ गया या फिर प्रो० नूरुल हसन साहब ने हैदराबाद में कोई भाषण दिया, तो उसके बारे में अखबार में आ गया और हमारे माठे साहब का नाम भी अखबार में आ गया क्योंकि वे शिक्षा में इन्ट्रेस्ट लेते हैं।

इसलिए, सभापति जी, मेरा एक सवाल है कि संकल्प करने की क्या बात है? संकल्प जब करना चाहिये जब आप दिल व दिमाग से उस पर काम कर सकें। आप ऐसा संकल्प मत कीजिए जिसको आप असली रूप में लागू न कर सकें। ऐसा करना तो अपने को धोखा देना है। काहे को आप संकल्प करते हैं? यह बात मेरे दिमाग में है, जो मैंने आपके सामने रखी है। मेरी आपसे प्रार्थना है कि आप इसके अन्दर परिवर्तन कीजिये और बच्चों के वास्ते ऐसा कानून बनाइए कि बच्चों का भविष्य सुन्दर हो सके। अगर बच्चों का भविष्य सुन्दर होगा तो देश का भविष्य भी सुन्दर होगा। अगर बाग में पौधों को अच्छी खाद और पानी दिया जाएगा, तो वे फले-फूलेंगे और सुन्दर फूल उन पर आएंगे। इसी तरह से बच्चों का ठीक विकास होगा तो हमारा भविष्य भी सुन्दर होगा। इसलिए नूरुल हसन साहब और डी० पी० यादव साहब अपने समय में अच्छी खाद और पानी देंगे तो भविष्य में अच्छे फूल खिलेंगे और देश का भविष्य उज्ज्वल होगा।

इन शब्दों के साथ मैं समाप्त करता हूं।

SHRI S. P. BHATTACHARYYA (Uluberia): Mr. Chairman, I support the purpose and objective of this Resolution. I think this question was first taken up by the Geneva conference in 1924 and then by the UNO in 1959. Our Government adopted this Resolution in 1974. The purpose is to fulfil the objective stated in the Resolution. You have already stated that the family should be a unit where the children can properly develop. This is the first basis where the family can maintain their children properly. It is intended to serve as

(Shri S. P. Bhattacharyya)

a 'pole-star'. But in our country after 27 years of independence, is it possible for all the families to maintain their children according to the needs of the development desired? That is the problem in our country where 80 per cent of the people live in villages and 20 per cent live in the towns. In towns, at least one-fourth of the population lives in *bustees or Jhompris* or whatever it may be. In the village areas, only 10 per cent, maximum 20 per cent, of the families are well-to-do; they can anyhow manage. But nearly 70 per cent of the families are without land or with very little land and they cannot maintain their families. They have to depend on land-owners and money-lenders. This is the system which is still going on, after 27 years; the system is not only going on but is getting more and more entrenched. That is, most of the families cannot maintain their children and cannot get employment to earn their livelihood or make a living. For the children to grow happily and healthily into beautiful youth in our country, the basic need is to have a total change in the economic system of our country into real socialism. We learn that our government is going to add the word 'socialism' in the constitution. Real socialism means that the resources of the country, human and material, should be fully utilised for the development of all human beings of our country. That requires the abolition of landlordism, monopoly controls and annihilation of foreign control so that each family can lead a happy and realthy life. Today nearly a crore of educated young men cannot get jobs and this condition should change if in the future our children should develop into beautiful youth. Should the interests of a few landlords, a few monopolists, a few hoarders and profiteers get more importance than the millions of our people who are toiling? This question must be solved. Take for instance East Germany or North Korea or other socialist countries. Likewise we must change the basic conditions in our country so that the mothers and children grow healthily and happily and they get enough food and nursing and education and other facilities. In North Korea they are taking over the entire responsibility of upbringing children, their dress, their food, everything is taken care of. East German athelets are the second best, after the Soviet Union. That is because the East German people are giving the maximum attention to the young men and children in their country. There are no unemployed persons. They have confidence that the country can fulfil the objective that we are now considering here. If we are really serious about fulfilling that objective enshrined in this resolution, the basic conditions in our country should be changed, so that no family starves and no educated youth remains unemployed and thus create a condition whereby children are enabled to grow happily and healthily. Only a socialist country can do that. We see that in our country the education budget is curtailed because other things are considered more important. In socialist countries they give the maximum for education. Therefore, our whole system must be changed. If we do not want to cheat ourselves, we must sincerely try to bring about whatever change is required in the country so that the objectives contained in this resolution may be fulfilled. With these words, I support the resolution and ask for the real execution, so that the objectives may be fulfilled in reality in our country.

श्री राम सिंह भाई (इंदौर) : सभापति महोदय, मंत्री महोदय ने बच्चों की भलाई के लिए राष्ट्रीय नीति सम्बन्धी जो संकल्प प्रस्तुत किया है, उस पर हम चर्चा कर रहे हैं। मैं शिक्षा शास्त्री नहीं हूं। लेकिन फिर भी जो रोजाना में देखता हूं, उसको देखते हुए मुझे ऐसा लगा कि मैं भी अपने कुछ विचार व्यक्त करूं। माननीय सदस्यों ने काफी

विचार सदन के सामने रखे हैं और सारी मस्तिष्क की कसरत इन बच्चों के ऊपर की है। मैं समझता हूं कि हमें यह देखना चाहिये कि हमारी नीयत क्या है, क्या हमारी नीयत बच्चों का कल्याण करने की है या नहीं है? चूंकि हमारी कल्याणकारी नीयत है इसी वास्ते संविधान के अन्दर हमने बच्चों के विकास की, उनकी सुरक्षा की, उनकी तरक्की की, उनके शिक्षण की, सभी बातों की चर्चा की है, सभी बातों को उसमें स्थान दिया है। लेकिन देश की परिस्थिति ऐसी नहीं थी कि जो हम करना चाहते थे उसको कर सकते। इतने वर्षों के बाद और परिस्थितियों का ध्यान रखते हुए शिक्षा विभाग की ओर से जो संकल्प के ऊपर कार्यक्रम बनाया गया है वह बहुत अच्छा है, उत्तम है, पवित्र है और इसके लिये मैं विभाग को मुबारिकबाद देता हूं। मैं समझता हूं कि सरकार की जवाबदारी तो बच्चो के प्रति है ही लेकिन उसके साथ साथ समाज और माता-पिता की भी कुछ जवाबदारी होती है। ऐसा नहीं होना चाहिये कि बच्चा पैदा कर उसे सरकार के भरोसे छोड़ दिया जाए। यह कोई अनाथाश्रम नहीं है या कोई बाडा नहीं है जिसमें बच्चा पैदा किया और छोड़ दिया और सारी जिम्मेदारी सरकार पर डाल दी। माता-पिता की, समाज की भी कुछ जवाबदारी होती है। यह बहुत बडी बात है।

इस प्रस्ताव में बच्चों के स्वास्थ्य, उनके आहार, उनकी शिक्षा, उनके वेलफेयर के बारे में कहा गया है। अब इसमें दुनिया भर के समाजवाद और साम्यवाद की बातों को आप घुसेड़ दें तो यह ठीक नहीं है। ऐसा आप करेंगे तो मैं समझूंगा कि एक प्रकार से आप रास्ते में रोड़ा अटकाना चाहते हैं। हमारी भावनायें क्या हैं, हमारे विचार क्या हैं, हम क्या करना चाहते हैं इसको आपको देखना चाहिये। आप कहें कि इसमें यह होना चाहिये, वह होना चाहिये यह ठीक नहीं है। मैं कहूंगा कि इसकी शुरूआत तो आप होने दें। एक व्यक्ति जितना सोचता है उससे ज्यादा सरकार सोचती है। सरकार का सारा मस्तिष्क उस ओर लगा हुआ है। किस तरह से बच्चे सच्चरित्र बनें, सरकार का सारा दिमाग उधर लगा हुआ है। बालकों का आचरण अच्छा हो, वे सुसंस्कारी बनें ताकि देश का भविष्य उज्ज्वल हो यह सब सरकार के सामने है। बच्चे स्वस्थ, बुद्धिशाली और सच्चरित्र हों यह उनकी भावना है, हम सब की भी यही है। लेकिन उसके लिए हमारे पास साधन क्या हैं, हमारी राष्ट्रीय आय क्या है? राष्ट्रीय आय में से किस किस में कितना कितना खर्च हम कर सकते हैं, इसका भी थोडा सा अध्ययन किया जाना चाहिये। इसके सम्बन्ध में मेरा निवेदन है कि राष्ट संघ का भी प्रस्ताव है। सारा दायित्व उसने हम पर डाला है। बच्चों को पढ़ाना, बाल मन्दिरों में भेजना, शिक्षा देना, स्वास्थ्य पर ध्यान देना, उनका वेलफेयर करना, इतना ही काफी नहीं है।

सब से बडी बात तो शिक्षण की यह है कि बच्चो के बुरे संस्कार न बनें, उन पर बुरा असर न पडे। बच्चों का आचरण सुधरे, वह सस्कारी बने इस पर ज्यादा ध्यान देना होगा, और इसके लिये मेरा कहना है कि जो आपका कार्यक्रम है उसकी सफलता के लिये आपको कुछ कानूनों का सहारा लेना होगा। जैसा डागा जी ने कहा कि दिल्ली में कहीं निकलिये चीज खरीदने के लिये तो जगह जगह भिखारी लोग पीछे लग जायेंगे। सवाल हमारा और उस भीख मांगने वाली महिला का नहीं है, बल्कि जो बच्चा उसकी गोद में है उसका सवाल है कि उसके मन पर क्या असर पडता होगा। उसके मन पर यही असर पडता है कि जो उसकी मां करती है वही उसे करना चाहिये क्योंकि आजकल पद-चिन्हों पर चलने की रीति है। तो आप राज्य सरकारों के भरोसे

[श्री रामसिंह भाई]

कुछ भी छोड़ें, लेकिन आपको यह कानून बनाना होगा कि भिक्षावृत्ति कतई बन्द की जाय। जब तक ऐसा नहीं होगा बच्चों के संस्कार नहीं सुधर सकते । आज एक मांगने वाला आता है तम्बूरा लेकर दरवाजे पर, जो बच्चा स्कूल में पढ़ने जाता है वह उस तम्बूरे वाले को देख कर जो गाना वह गाता है वही बच्चा भी गाने लगता है । इस प्रकार बच्चों पर बुरे सस्कार पडते हैं । उन्ह रोकने के लिये आपको प्रतिबन्ध लगाना होगा और भिक्षावृत्ति पर ही नही, बल्कि जो भिक्षा देने वाले हैं उन पर भी रोक लगानी होगी । जब जुआ खेलने वाले तैयार होते हैं तो जुआ खिलाने वाला भी तैयार हो जाता है । इसलिये दोनों पर प्रतिबन्ध लगाया जाय ।

आप ने जो यह कहा है कि 14 साल और उस से कम उम्र वाले बच्चों पर खानों और कारखानों मे काम करने पर बन्दिश है, तो यह तो पहले से ही फैक्ट्री ऐक्ट मे है अंग्रेजों के जमाने मे है । खतरानाक काम की व्याख्या करना बडा मुश्किल है । अगर एक बच्चा शीशे की एक बोतल हाथ मे ले जाता है तो यह भी खतरनाक है । इसी प्रकार से बोझा ढोना, खीचना और धकेलना सभी बच्चों के लिये हानिकारक है। मैंने देखा है कि बहुत से बच्चे चार पहिये के ठेले पर सामान लाद कर ले जाते हैं, तो यह भी खतरनाक है ।

इसी प्रकार छोटे-छोटे होटलो मे जो बच्चे काम करते हैं उन की बुरी हालत को देख कर भी अफसोस होता है उन पर कोई प्रतिबन्ध नही है, वह 12, 16 घंटे काम करते हैं। इसलिये आप बच्चों को स्कूल में बाद में भेजिये, हाकी, फुटबाल का प्लेयर बाद मे बनाइये, पहले वह स्वच्छ रह सकें, उन से कोई गंदा काम न लिया जाय इस की व्यवस्था पहले होनी चाहिये । बच्चे होटलों में काम न कर सकें इस पर प्रतिबन्ध लगाइये उनके खाने पीने का इतजाम कीजिए ।

आज कोई महिला सफाई के काम पर जाती है, या बर्तन साफ करने के काम पर जाती है तो वह अपने बच्चे को गोद में ले जाती है। अब उस बच्चे पर क्या संस्कार पड़ेंगे ? आप उसे विश्वविद्यालय में भेजकर क्या करेंगे, वह तो उस विश्वविद्यालय में जायगा जहां उसके मां-बाप काम करते हैं ।

16.00 hrs.

आजकल तो बच्चों को चुराने का धंधा हो गया है । आप पुलिस से पूछिये, उनसे हिन्दुस्तान के आकडे इकट्ठे कीजिए कि कितने बच्चे चुराये जाते हैं । उनका अग-भग किया जाता है और अग-भग कर के उनसे भिक्षावृत्ति कराई जाती है । इसलिये मैं यह निवेदन करना चाहता हू कि बिना शासन की स्वीकृति के 14 वर्ष तक के बच्चे से वृत्ति कमाने का काम नही लिया जाना चाहिये । पर देखने को मिलता है कि एक आदमी बच्चे को लेटाकर कही भी फुटपाथ पर कहता है जमूरे और जवाब मिलता है कहिये उस्ताद और पैसे कमाता है । तो यह क्या है ? जब जमूरे और उस्ताद की बात हमारे बच्चे फुटपाथ पर देखते हैं तो हमारी उगली पकड कर हमे वहा ल जाते हैं और पूछते हैं यह क्या है ? घरों पर जाकर भाई बहनों से जमूरे और उस्ताद की बात और खेल करने लगते हैं। सबसे बडी बात बच्चों के सस्कार बनाने की है । इमसे सस्कार बनने नही बिगडते हैं ।

आज कोई भी ढोल लेकर आता है और दो बांस खडे कर लेता है और उन पर रस्सी बांध छोटे से बच्चे को चलवाता है और मुर्गी बनाता है और उस पर अन्य को बैठा देता है । यह अमानुषिक कार्य है । इस पर आपको विचार कर बन्दिश लगाना होगा । ऐसी वृत्ति के बारे में आपको काफी सोचना होगा और साथ-साथ सदस्यों को भी सोचना होगा कि जब हम ऐसी भिक्षावृत्ति बन्द नहीं

कर पा रहे हैं, देश के बच्चों से कुकर्म करवाये जा रहे हैं, समाजवाद की आड़ में न जाने क्या-क्या खिलवाड़ करने लगते हैं, तो उन बच्चों को हम संस्कारी कैसे बनायें। वे संस्कारी तब बनेंगे, जब उनका चरित्र अच्छा होगा।

जैसे अगर बाप शराबी होगा तो बच्चा भी जरूर शराब पीयेगा। इसी तरह एक बाप अपने बच्चे से कहता है कि चिलम भर लाना और उसमें फूंक भी लगा लाना। इस तरह से आप देख सकते हैं कि बच्चा कैसा बनेगा।

आपने घोषणा मे कानून का सहारा देने की बात की है। आपको इस तरह के कानून बनाने ही होंगे। मेरा निवेदन है कि इस तरह के कानून बनाकर पहले इनके ऊपर प्रतिबन्ध लगाना चाहिये, फिर बाद मे दूसरी चीजें शुरू करनी चाहिये।

मैं फिर से निवेदन करना चाहता हूं कि सरकार ने जो कदम उठाये हैं, आपकी जो इच्छा है, उसके लिये मैं आपको बधाई देता हूं और अभिनन्दन करना चाहता हू कि यह बहुत अच्छी चीज आप करने जा रहे हैं।

श्री बी० आर० शुक्ल (बहराइच): सभापति जी, शिक्षा जगत में और बच्चों के लिये विशेषकर इस देश मे बहुत काम हुए, लेकिन देश की जनसंख्या इतनी विस्फोटक है कि उसमें कितना ही किया जाये, कुछ-न-कुछ कमी हमेशा ही बनी रहेगी। बजट का काफी अंश शिक्षण कार्य, सामाजिक कल्याण और बच्चों के मानसिक, सामाजिक और शारीरिक उत्थान के लिये खर्च किया जाता है, लेकिन जब इतनी बडी भारी भूख हो, देश में इतनी बड़ी गरीबी हो, शताब्दी की जहालत इस मुल्क में हो तो उसके बारे में यह सोचना कि वह एक दिन के अन्दर गायब हो जायेगी, जैसे कि साबुन के लगाने से किसी कपडे का मैल घुल जाता है, तो यह बड़ा मुश्किल है। हमें देखना होगा कि इतने सीमित साधनों के अन्दर हम किस प्रकार अपनी नीति निर्धारण कर के चलें, जिससे अधिक-से-अधिक लाभ बच्चों के प्रति हम कर सकें।

27 वर्ष कांस्टीट्यूशन को बने हो गये. अनिवार्य शिक्षा प्राइमरी स्तर तक हमारा एक निर्देशीय सिद्धान्त है। मैं समझता हू कि उस अनुच्छेद को कांस्टीट्यूशन मे निकाल देना चाहिये। कब तक यह लिखा रहेगा कि 10 वर्ष के अन्दर हम 14 वर्ष तक के बच्चों के लिये अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध करा सकेंगे। यह कलंक की बात है, यह नहीं होना चाहिये।

दूसरी बात, जितने हमारे शिक्षा शास्त्री हुए, न मालूम जैसे अंग्रेज यहा से चले गये वैसे ही वे भी चले गये। सब लोगों ने शिक्षा जगत में शिक्षा के क्षेत्र में नये-नये तजुर्बे किये हैं, परीक्षण किये हैं। सम्पूर्णानन्द कमेटी बैठी, आचार्य नरेन्द्र देव बड़े भारी विद्वान थे, अपने जमाने के बडे भारी सामाजिक कार्यकर्ता थे, उन की कमेटी बैठी, डा० राधाकृष्णन की कमेटी बैठी, कोठारी साहब की कमेटी बैठी। मेरा कहने का अभिप्राय यह है कि जिस तरह से साइंटिस्ट गिनी पिग्स, चूहे और खरगोशों के ऊपर अपने तजुर्बे करते हैं उसी तरह से ये शिक्षा शास्त्री बच्चो के ऊपर तजुर्बे करते रहे। अब एक नया तजुर्बा और आया है कि 16 विषय पढाए जाएंगे नवी और दसवी कक्षा के विद्यार्थियों को। पता नहीं यह नेशनल पालिसी है या उत्तर प्रदेश की अपनी पालिसी है लेकिन मुझे विश्वस्त सूत्रों से मालूम हुआ है कि 16 विषय नवी दसवी कक्षा में पढ़ाए जाएंगे जिन में मनोविज्ञान भी रहेगा, मैथेमेटिक्स का सायिषम भी रहेगा, ट्रिग्नोमेट्री भी पढ़ाई जायगी। जो इंटरमीडिएट, बी० ए० और बी० एस० सी० में लड़के पढते थे वह अब नवी

[श्री बी० आर० शुक्ल]

और दसवी में पढ़ेंगे । बच्चे काफी पुस्तकें खरीदे, काफी पुस्तिकाए खरीदे और मास्टर पढ़ा न पाएं तो चार चार पांच पांच आदमियो को ट्यूटर रखें । फिर बच्चा सवेरे से शाम तक उन्ही किताबो मे फसा रहे तो वह क्या खेल कूद मे भाग लेगा ? बच्चों का मनोविज्ञान समझने वाले पता नही क्यो हिम्मत नही करते हैं कि मंत्रिमंडल को या संबंधित मंत्रियों को ठीक ठीक समझाए कि शिक्षा नीति क्या होनी चाहिए ।

फिर रोज रोज परिवर्तन—इन्कलाब अच्छी चीज है, इन्कलाब जिन्दाबाद के नारे रोज लगते हैं लेकिन कुछ क्षेत्र ऐसे हैं कि जहा जहा मूल्यो का संरक्षण करने की भी नीति होनी चाहिए । अब एक चीज यह हुई है कि आबजेक्टिव साइंस और आबजेक्टिव मैथेमेटिक्स पढाई जाय । अब पढ़ाने वाले टीचर तो प्रशिक्षित हैं नही उसे पढाने के लिए और यह एक विषय रख दिया गया है । उस मे 33 प्रश्न आए परीक्षा के अन्दर और 33 प्रश्न जब पहली दफा लड़का पढने बैठा तो पढते पढ़ते उस के दिमाग मे चक्कर आने लगा । नतीजा यह है कि उत्तर प्रदेश मे हाई स्कूल और इंटरमीडिएट में पास होने वाले विद्यार्थियो की संख्या 20–25 प्रतिशत आई । नकल करने की गुंजाइश नही रही क्यों कि एमर्जेंसी आ गई है । अब वहां चाकू और छुरे से काम नही चलता है, सख्ती से निगरानी होती है । तो इतने विषय उन के पढने के लिए और पढ़ाने वाले कच्चे, अधूरे, फिर शिक्षा नीति मे रोज रोज परिवर्तन, इससे कितना ह्यूमन मैटीरियल का वेस्टेज होता है इस के ऊपर आप गौर करें ।

प्राइमरी शिक्षा का विषय राज्य का विषय कर दिया गया है और यूनिवर्सिटी शिक्षा को केन्द्र का विषय कर दिया गया है । यह जो विभाजन किया गया है यह विभाजन मौलिक रूप से और सिद्धान्त रूप से गलत है । जो संविधान में परिवर्तन और संशोधन किए जा रहे हैं उस में इस बात का प्रावधान होना चाहिए कि शिक्षा राज्य और केन्द्र दोनों का विषय होना चाहिए । हमारे शिक्षा मंत्री जी बड़े गतिशील है विचारों में लेकिन क्या करें ? सारी नीति जिस का कि कार्यान्वयन होना है उस को करने वाले तो राज्य स्तर के लोग हैं । राज्य स्तर वाले मजबूर हैं कि जिला परिषदों और म्युनिसिपल बोर्डों के हाथ मे प्राइमरी शिक्षा दे दी गई है । तो इतने हाथो में आज शिक्षा का क्षेत्र बटा हुआ है कि कोई एक नीति सफल नही हो सकती है ।

दूसरी बात बच्चो के स्वास्थ्य के बारे में कहना चाहता हू । इनका शारीरिक विकास हो शरीर से ये हृष्ट हो इस के लिए क्या करे ? इसके लिए एक तो उन को बालाहार मिलना चाहिए । इस के ऊपर कितना खर्चा होगा यह अनुमान लगा कर हम हतोत्साह हो जाते हैं । लेकिन जो बालाहार का प्रावधान कुछ सीमित पाठशालाओ मे किया भी गया है उस मे भी घोटाला हैं । मास्टर साहबान इसमे भी गबन कर लेते हैं, बाजार मे दूध बेच लेते हैं । बड़े शर्म की बात है कि बाहर से जो पाउडर मिल्क दान मे आया उसको भी शिक्षक बाजार मे बेचते हैं । आज इस इमर्जेन्सी पर भी मुकदमे चलने चाहिए । पुलिस वालो को, ठेकेदारों को आपने बांध रखा है कहा जाता है वह बडे बेईमान है उसी प्रकार से स्कूल जो एक पवित्र स्थान है उसको भी गन्दे हाथों मे सौंपा नही जा सकता । हमारा भविष्य इन शिशुओं और बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास पर निर्भर करता है । यदि भाखड़ा-नंगल में दरारें पड जायें तो उनकी मरम्मत हो सकती है लेकिन यदि बालको की शिक्षा में, उनके आचरण में, उनके मानसिक उत्थान में दरार पड़ जावे तो एक दो शताब्दी तक भी उनकी मरम्मत नहीं हो सकती है । सारी योजना का केन्द्र-बिन्दु मनुष्य ही है । यदि शिक्षा जगत में

उनका उत्थान नहीं हुआ तो हमारी सारी योजनायें विफल हो जायेंगी क्योंकि सारी योजनाओं का कार्यान्वयन करने वाला मनुष्य ही है। यदि मनुष्य की प्लानिंग ही ठीक तरह से नहीं हुई तो क्या होगा ?

दूसरी चीज मैं चाहता हूं कि बालकों के स्वास्थ्य के बारे में उनके पाठ्यक्रम में एक पर्चा होना चाहिए नवे, दसवें, बारहवें दर्जे तक या यूनिवर्सिटी स्टेज तक । इस पर्चे को आप कम्पलसरी रखिए । स्वास्थ्य के नाम से इस पर्चे को रखा जाना चाहिए । फेमिली प्लानिंग को हम इतना महत्व दे रहे हैं तो हर नौजवान लड़के लड़की को फेमिली प्लानिंग के सम्बन्ध में ज्ञान होना चाहिए । इसी प्रकार गन्दी बीमारियों से बचने के लिए भी उनको ज्ञान होना चाहिए कि कौन सा भोजन करना चाहिए और कौन सा भोजन नहीं करना चाहिए। रेडियों, डाक्यूमेंटरीज और पैम्फलेट्स के द्वारा भी इन बातों का व्यापक प्रचार होना चाहिए । साथ ही साथ बच्चों को अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य विज्ञान का अध्ययन करना चाहिए और उसका अलग से एक पर्चा होना चाहिए ।

सभापति महोदय : 17वां विषय होना चाहिए ।

श्री बी० आर० शुक्ल : इस विषय को लेकर कोई दूसरा विषय काट दिया जाये । मैं नहीं समझता तीन चार भाषा पढ़ाने की क्या आवश्यकता है । अंग्रेजी, संस्कृत, अरेबिक—सभी भाषाओं को पढ़ाने की क्या आवश्यकता है? जो विषय उसको जाना आवश्यक है वह उसमें रहना चाहिए । अगर आप 17 विषय नहीं चाहते हैं तो वहां पर 10 विषय ही रखे जायें लेकिन यह एक विषय उसमें जरूर रहना चाहिए ।

जहां तक भीख मांगने का प्रश्न है, आज तक कानून नहीं बना कि जितने बच्चे भीख मांगते हैं उनको रोक दिया जाये । जो जुविनाइल अफेन्डर्स हैं उनके लिए रिफार्मेटरी स्कूल होने चाहिए । प्रयोग के लिए स्टेट्स में कुछ इंस्टीट्यूशन्स हैं लेकिन उनकी संख्या पर्याप्त नहीं है जहां पर कि उन बच्चों को जो जेल भेजने के काबिल नहीं है वहां भेजा जा सके ।

अन्त में मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि समाज कल्याण, शिशु कल्याण, शिक्षा —यह तीन बड़े बड़े विशाल विषय हैं जो मंत्री जी के मंत्रालय को सौंपे गए हैं लेकिन इस विषय में वे इतने मजबूर हैं कि सिवाय इसके कि हम यहां पर कुछ बातें कहें, वे उनको सुनें और जवाब दें और स्टेट गवर्नमेन्ट्स को लिख दें परन्तु केवल इससे काम नहीं चल सकता है । राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली से लेकर प्रत्येक प्रदेश में इसके लिए इंटिग्रेटेड पालिसी होनी चाहिए तभी कुछ हो सकता है अन्यथा मिशनरी बने रहेंगे कान्वेन्ट स्कूल अपनी जगह पर रहेंगे, कुछ बच्चे अच्छा पढ़ेंगे और कुछ खराब पढ़ेंगे, किसी के शरीर पर कपड़ा होगा और कोई नंगा होगा । कोएग्जिस्टेंस इन्टरनेशनल क्षेत्र में तो ठीक है लेकिन co-existence of ignorance, foolishness and wisdom and co-existence of the rich and poor इन सब चीजों को दूर करना चाहिए ।

श्री शिव नाथ सिंह :(झुंझुनू) : सभापति जी,.......

सभापति महोदय : सभी चीजों के लिये धन की जरूरत पड़ती है—इस के लिये भी तो कोई सुझाव दीजिये ।

श्री शिव नाथ सिंह : देश की सर्वोच्च संस्था, बच्चों के सम्बन्ध में हमारी राष्ट्रीय नीति क्या हो, इस पर विचार करे—यह एक बड़ा शुभ लक्षण है। हमारे देश में बच्चों के विकास के लिये पहले भी काफी कार्यक्रम बने हैं—और आज भी —नेशनल चिल्ड्रेन बोर्ड हो, जिस की अध्यक्षा प्रधान मंत्री जी हों, राज्यों में भी इस तरह के बोर्ड हों—ये सब बातें इस बात का शुभ लक्षण हैं कि हम बच्चों के सम्बन्ध में वास्तव में कुछ करना चाहते हैं।

जहां तक बच्चों का सम्बन्ध है—इस समय दो बातें हमारे सामने आती हैं—एक तो यह कि आज कितने बच्चे पैदा होने चाहिये और दूसरे यह कि जो पैदा हो गया, उस की देखरेख कैसे हो। कितने बच्चे पैदा हों—इस के लिये हमारी राष्ट्रीय पापुलेशन पालिसी है और हमारे स्वास्थ्य मंत्री जी और उनका मंत्रालय इस सम्बन्ध में काफी काम कर रहा है। पिछले दिनों उन की ओर से देश में काफी प्रभावी काम हुआ। लेकिन अब प्रश्न यह है जो बच्चे इस दुनिया में आ गये या जिन को अभी आना है—उन की देखभाल कैसे हो, किस प्रकार उन के स्वास्थ्य की व्यवस्था की जाय, क्या शिक्षा हो क्या मार्गदर्शन हो—यह हमारे शिक्षा मंत्रालय पर है। हमारे शिक्षा मंत्री जी इस सम्बन्ध मे कुछ करना चाहते है और इसी लिये एक बहुत अच्छा रेजोल्यूशन लेकर हमारे सामने आये हैं। मैं इस सम्बन्ध में इतना ही निवेदन करूंगा कि अभी तक हमारा दृष्टिकोण बहुत ही सीमित था। अभी सभापति महोदय, फरमा रहे थे—हमारे पास साधन बहुत सीमित हैं, साधन कैसे आयें—इस के बारे में भी सोचना चाहिये। मैं आप से निवेदन करना चाहता हूं—आज जितने साधन हमारे पास उपलब्ध हैं—क्या हम उन को उचित ढंग से प्रयोग में ला रहे हैं? हमारा ध्यान आज उन बच्चों की तरफ है जो बड़े बड़े शहरों में रहते हैं, जो अच्छी ड्रेस पहनते हैं, 15 अगस्त और 26 जनवरी को परेड करते हैं और बहुत सुन्दर लगते हैं और लगने भी चाहिये। लेकिन क्या हमारा ध्यान उन बच्चों की तरफ भी जाता है जो गावों में रहते हैं, जिन के पास न पढ़ने के साधन हैं, न अच्छी खुराक के साधन हैं और न उन के लिये किसी प्रकार का रेक्रिएशन है? उन की तरफ आप का ध्यान जाना बहुत जरूरी है—यह एक तरफ का इम्बैलेंस नहीं होना चाहिये। आज ज्यादातर रुपया हम शहरों पर खर्च कर रहे हैं, लेकिन आप का ध्यान उन बच्चों की तरफ भी जाना चाहिये—जो इन्टीरियर में रहते हैं, जिन के पास विकास के कोई साधन नहीं हैं। आज हमारे देश में इस प्रकार के बहुत से इलाके हैं—जहां बच्चों की कोई देखभाल नहीं की जाती, जहां गर्भवती माताओं की कोई देखभाल नहीं होती, ऐसी व्यवस्था नहीं है कि वे स्वास्थ्यवर्धक वातावरण में बच्चे को जन्म दे सकें। बहुत से स्थानों पर प्राइमरी हैल्थ सैन्टर्स खुले हुए हैं, उन की यह ड्यूटी है कि वे गांवों में जायें, छोटे बच्चों की देखभाल करें, उन के लिये दवाई आदि का प्रावधान हमारे बजट में होता है—लेकिन फिर भी वे सुविधायें उन को नही मिल पाती। इस चीज की तरफ आप का ध्यान जाना चाहिये. अगर आप ध्यान नही देते है—तो फिर हम अपने आप को धोखा दे रहे हैं, समूचे देश को धोखा दे रहे हैं—इस लिये मेरा अनुरोध है कि इस तरफ आप का ध्यान जाना चाहिये।

दूसरी बात—बहुत सी बीमारियां इस प्रकार की हैं जिन के लिये अगर बच्चे को शुरू में ही एन्टीडोट दे दें तो बच्चा जिन्दगी भर के लिये उन बीमारियों से सुरक्षित हो जाता है। जैसे पोलियो की दवा है, आंखों की दवा है। हालांकि

हम ने यह कम्पलसरी कर रखा है—प्राइमरी हैल्थ-सेन्टर्स में डाक्टरों की यह ड्यूटी है कि वे बच्चों को इन दवाइयों को शुरू में ही देवें, लेकिन फिर भी उस का पालन नहीं होता है । कभी कभी वहां दवाइयों की व्यवस्था नहीं होती है—इस तरफ भी हम को ध्यान देना चाहिये ।

शिक्षा कम्पलसरी होनी चाहिये—यह बात ठीक है, लेकिन अगर हम आगे दस साल तक न भी दें तो निभ सकता है, अगर 10 साल बाद भी शिक्षा बच्चे के लिये कम्पलसरी हो तो आसमान नहीं गिर जायगा । लेकिन आज जो बच्चा पैदा हो गया है—उस का स्वास्थ्य ठीक होना ज्यादा जरूरी है । इस के लिये हमारे शिक्षा मंत्रालय और स्वास्थ्य मंत्रालय में कोआर्डिनेशन होना चाहिये—बच्चे के जन्म से ही इस ओर ध्यान दिया जाय—पैदा होते ही उस को इन बीमारियों से छुटकारा दिलाया जाय, उस के बाद धीरे धीरे उसका विकास हो और फिर शिक्षा का कार्यक्रम चालू हो । जब तक दोनों में कोआर्डिनेशन नहीं होगा, हमारा यह कार्यक्रम आगे नही बढ़ सकता है । हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में जो बच्चे हैं, स्लम्ज में जो बच्चे हैं, जो इन बीमारियों से पीड़ित रहते हैं, वे दवाइयां यदि उन को शुरू में ही दे दी जायं तो उन का स्वास्थ्य सुधर सकता है । मैं समझता हूं कि स्वास्थ्य तथा शिक्षा मंत्रालय में कोआर्डिनेशन होना चाहिये । वे मिल कर आपस में स्कीमें बनाएं और उन स्कीमों के हिसाब से बच्चों की देखभाल हो । बच्चों के बारे में जो नीति आपने बनाई है वह बहुत अच्छी है । मैं समझता हूं कि जो रेजोल्यूशन आपने पेश किया है उस में से आप पचास प्रतिशत का भी पालना करवा दें तो यह बहुत अच्छी बात हो जाएगी । है इस रेजोल्यूशन को अगर आप इम्प्लीमेंट नहीं कर पाए तो उससे कोई लाभ नही होगा । रुपये की कमी हो सकती है । लेकिन जो बात मैंने बताई है उस में बहुत बड़ा खर्चा नही आएगा । आप शिक्षा देश में कम्पलसरी बना दें तो उस में बहुत आपको खर्च करना पड़ेगा । आपको चाहिये कि सब से पहला काम आप यह करें कि उनके स्वास्थ्य की ओर आप ध्यान दें । जो बच्चे छोटी छोटी बीमारियों से पीड़ित हैं, जो एक दो रुपये की दवाई से ठीक हो सकती है और उनकी जिन्दगी सुधर सकती है, वे दवाइयां आप उनको मुहैया करें । चाहें तो आप एजुकेशन सैस भी लगा सकते हैं । बहुत सी पंचायत समितियों ने लगा रखे हैं । लोग राजी खुशी अदा कर रहे हैं । दो तीन या चार रुपये प्रति परिवार लिया जाता है । लोग खुशी से देते हैं । इसका सदुपयोग होना चाहिये । अब इसके लिए उनके पास कोई योजना नहीं है । योजना न होने की वजह से इस पैसे का सदुपयोग नहीं हो पाता है । आपके रास्ते में दिक्कत हो सकती है । लेकिन रुपये की कमी की वजह से हमारे सब काम रुक जाएं यह ठीक नही है । मैं तो समझता हूं कि रुपया हमारे पास है और हम इसको कर सकते हैं । लेकिन जितने हमारे साधन हैं उनका हम सही तौर पर उपयोग नही कर पा रहे हैं । अगर उनका सही उपयोग है तो स्थिति सुधर सकती है ।

प्राइमरी हैल्थ सैंटर्ज में क्या होता है । प्रसूति गृह बने हुए हैं । वहा पर बच्चे स्वस्थ्य वातावरण में जन्म ले सकें इस प्रकार का वातावरण आपको वहा निर्मित करना चाहिये । उसके बाद उन बच्चों की ठीक तरह से देखभाल हो, उनका पालन ठीक हो । ये सब चीजें जो आपके करने की हैं ।

[श्री शिव नाथ सिंह]

शिक्षा के बारे में भी आपने इस प्रस्ताव में प्रावधान किया है । आपने कहा है । कि शिक्षा के आप सब को समान अवसर देना चाहते हैं, समान शिक्षा व्यवस्था आप करना चाहते हैं। मैं कहना चाहता हु कि कहां आप समान सब को शिक्षा दे रहे हैं यह आप हमें बताए । रुपये की वजह से नहीं बल्कि हमारे दृष्टिकोण की वजह से बच्चों को समान शिक्षा नही दी जा रही हैं और उन मे बहुत डिफ़ेंस है । कुछ बच्चों को तो पब्लिक स्कूल में पढ़ने की सुविधा मिली हुई है और कुछ वे हैं जिन को पीपल के पेड़ के नीचे और नीम के पेड़ के नीचे बैठ कर पढ़ने तक की सुविधा उपलब्ध नही है अब आप बताए कि पूरी जिन्दगी में ये बच्चे क्या उन से कम्पीट कर सकेंगे मैं कहुगा कि उन बच्चों की ओर जो निगलैक्टिड एरिया में रहते हैं, जो निगलेक्टिड फैमिलीज के हैं, आपको विशेष ध्यान देना चाहिये और उनको आपको अधिक सुविधाये देनी चाहियें . . . . .

सभापति महोदय : पब्लिक स्कूल मे एक बच्चे पर दो सौ रुपया प्रति मास खर्च करना पड़ता है ।

श्री शिव नाथ सिंह : इसका आपको ज्ञान है । मुझे नहीं है । मेरे बच्चे तो नीम और पीपल के पेड के नीचे बैठ कर पढ़ते हैं और उसी का मुझे ज्ञान है । पब्लिक स्कूल बन्द करने से ही समान अवसर आप दे सकते हैं । एक बच्चे पर दो सौ खर्च आए और एक वह बच्चा हो जिस पर एक या दो रुपये भी खर्च न किए जा सकें यह राष्ट्रीय पालिसी नहीं है और न ही इस तरह से आप समान अवसर दे रहे हैं । अगर आप कहते हैं कि आप समान अवसर दे रहे हैं तो वह एक भुलावा है, बहकावा मात्र है । सब बच्चों को एक तरह की शिक्षा मिल सके तभी सायक में वे कम्पीट कर सकते हैं । वरना जो इम्बैलेंस हैं वे कायम रहेंगे और वे बढ़ते जाएंगे । हम इंटरनैशनल इम्बैलेंसिज को मिटाना चाहते हैं, डिवेलैप्ड और अंडर डिवेलैप्ड और डिवेलेपिंग कंट्रीज में जो इम्बैलेंसिज हैं उनको मिटाना चाहते हैं लेकिन यहां हम भावी पीढ़ी तक में इम्बैलैंस कायम रख रहे हैं । हमारी जो पीढ़ी है उस में तो ये हैं ही और रहेंगे लेकिन भावी पीढ़ी में भी ये कायम रहेंगे । सब को बराबर शिक्षा के अवसर मिलने चाहिये अवसर आप दे सकते हैं, आप के पास साधन हैं लेकिन इस चीज को आप देखते नहीं है साधनों का ठीक तरह से आप वितरण करें, निगलैक्टिड एरियाज जो हैं, जो ग्रामीणक्षेत्र हैं वहां के बच्चों की आप देखभाल करें, यह मैं आप से प्रार्थना करता हूं ।

इन शब्दों के साथ मैं इस संकल्प का समर्थन करता हूं और चाहता हु कि हमारे शिक्षा मंत्री जल्दी से जल्दी इस संकल्प को कार्यरूप में परिणत करे ।

श्री नाथू राम अहिरवार (टीकमगढ़) : सभापति महोदय जो प्रस्ताव शिक्षा मंत्री जी ने सदन के सामने रखें है उसका समर्थन करते हुए मैं अपने कुछ विचार सदन के सामने रखना चाहता हूं । वास्तव में किसी भी देश के बच्चे उस देश का भविष्य होते हैं और उन्हीं पर उस देश का भविष्य निर्भर करता है, वह बनता या बिगड़ता है । देश का भविष्य इसी बात पर निर्भर करता है कि बच्चों को किस प्रकार से हम शिक्षित करते हैं, किस प्रकार से उनको ऊपर उठाते हैं, किस प्रकार का सामाजिक वातावरण उनके वास्ते उपलब्ध करते हैं। इसके साथ साथ यह भी देखा जाता है कि किसी देश का सामाजिक तथा आर्थिक ढांचा कैसा है । इन तमाम बातों को

गई नजर रखते हुए हमें बच्चों के भविष्य के बारे में, गम्भीरता से विचार करना चाहिये क्यों कि आज हम देखते हैं कि देश के अन्दर पूंजीवादी व्यवस्था चल रही है। एक तरफ तो लोगों के पास इतने मकान हैं कि उन में रहने वाले लोग नहीं हैं, और दूसरी तरफ ऐसे लोग हैं जिनके पास सर ढकने को जगह नहीं है। इसी तरह से कुछ के पास इतना खाना है कि हजम करने के लिये उन्हें दवायें चाहिये, और दूसरी तरफ ऐसे लोग हैं कि जिनके पास खाना खाने को नहीं है। कुछ लोगों के पास काफी साधन हैं, वह अपने बच्चों को कन्वेंट स्कूलों में पढ़ा सकते हैं, लेकिन इसी देश में ऐसे लोग भी हैं जिन को 50 पैसे से एक रुपया रोज की मजदूरी मिलती है, जो गरीबी की रेखा के भी नीचे हैं। ऐसे 40 फीसदी लोगों के बच्चों का क्या होगा? आज 80 फीसदी लोग गांवों में रहते हैं तो हम को बहुमत वाले क्षेत्र की ओर ज्यादा ध्यान देना चाहिये, न कि सम्पन्न लोगों के बच्चों की तरफ।

कुछ राज्य ऐसे हैं जहा पर प्राइमरी स्कूल राज्य सरकार चलाती है, और कुछ राज्य ऐसे हैं जहां पर प्राइमरी स्कूल जिला परिषद् और ग्राम पंचायतें चलाती हैं। ग्राम पंचायतों की आर्थिक स्थिति को हम सभी अच्छी तरह से जानते हैं। हमारे मध्य प्रदेश में प्राइमरी शिक्षा से ले कर डिग्री स्तर तक की शिक्षा राज्य सरकार द्वारा संचालित है, लेकिन पड़ोस में उत्तर प्रदेश में देखते हैं कि वहां पर प्राइमरी स्कूल जिला परिषद के हैं जहां 6, 6 महीने अध्यापकों को तनख्वाह नहीं मिलती है, उन की स्थिति बड़ी दयनीय रहती है और इसी चक्कर में रहते हैं कि वह अपने घर के नजदीक पहुंच जायें और अपनी खेती बारी देखते रहें। उन्हें शिक्षा से कोई मतलब नहीं रहता।

एक तरफ़ हम इतनी उदासीनता बरतें कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के कल्याण की कोई योजना नहीं और शहरों पर, जहां लोग पहले से ही साधन सम्पन्न है, काफ़ी पैसा खर्च करते हैं। सब से जरूरी बात यह है कि बच्चों के कल्याण के लिये जो भी योजनायें आप ने बनायी है वह सही रूप में कार्यान्वित होनी चाहियें। केन्द्रीय सरकार बच्चों के कल्याण के लिये बहुत अच्छी योजनायें चलाती है, जैसे स्कूलों में आहार पोषण की स्कीम है, लेकिन उस का सुपरवीजन नहीं होता। मैंने अपने जिले के दो स्कूलों में देखा, जिस को देख कर मेरे आंसू भर आये। 12,500 रु० एक स्कूल के लिये दिया जाता है, लेकिन ब्लाक के बी० डी० ओ० और प्रधान आदि ने मिल कर एक पुराना बना बनाया कुआ था उसी को कुछ मरम्मत कर के दिखा दिया जिस में आज भी घास उगती है, और 12,500 रु० खर्च हो गया। जब केन्द्र सरकार इतना पैसा देती है तो आप को मौके पर जाकर किसी अधिकारी द्वारा जांच भी करवानी चाहिये कि वाकई में जो पैसा बच्चों के कल्याण के लिये दिया गया था उस का सही उपयोग हुआ भी है कि नहीं।

मुझे शिकायतें मिली हैं कि जो हरिजन बच्चों को छात्रवृत्तियां दी जाती हैं उसमें से मिडिल और हाई स्कूलों के प्रधानाचार्य वजीफा काट लेते हैं और उन गरीब बच्चों के जो बेचारे अनपढ़ मां, बाप हैं उनसे 150 रुपये की रसीद पर अंगूठा लगवा लेते हैं जब कि देते 100 रुपये ही हैं। इस बारे में समुचित व्यवस्था की जानी चाहिये।

इसमें शक नहीं है कि सरकार हरिजनों के और गरीब तबके के बच्चों के लिये चिन्तित है और चाहती हैं कि उनका स्तर ऊपर उठे। लेकिन ऐसी योजनाओं का सुपरवीजन नहीं

[श्री नाथूराम अहिरवार]

होता है। मेरी मांग है कि आपको कोई ऐसा तन्त्र बनाना चाहिये जो इन सबको जांच कर सके।

अभी एक माननीय सदस्य ने कहा कि बच्चों के कल्याण के लिये कई योजनायें होनी चाहियें। लेकिन पैसा कहां से आये। मेरा निवेदन है कि पैसा आप इकट्ठा आसानी से कर सकते हैं और वह इस तरह से कि जितने बड़े बड़े उद्योगपतियों ने बड़े बड़े मन्दिर बनवा रखे हैं वहां जो चढ़ोती होती है उसमें से 10 प्रतिशत बच्चों के कल्याण के लिये लेना जरूरी कर दिया जाए। जैसे तिरुपति या बिड़ला मन्दिर हैं जिन पर करोड़ों रुपये की चढ़ोती होती है उसमें से 10 प्रतिशत आप ले लीजिये बच्चों के कल्याण के लिये। और उसी प्रकार उद्योग संस्थाओं से भी बच्चों के कल्याण के लिये पैसा आप को लेना चाहिये। मैं तो कहता हूं कि हर किसान जो उद्योग-धन्धा करता है, किसान की मालगुजारी से भी अगर आप 5 पैसे रुपये के हिसाब से, या एक रुपया 10 एकड़ से अधिक भूमि वाले भी कृषक से बच्चों के कल्याण के लिये वसूल करवाये तो बहुत रुपया एकट्ठा हो सकता है। लेकिन सोचना यह होगा कि जो पैसा इकट्ठा हो, वह सही रूप मे कैसे इस्तेमाल हो। मेरा कहना है कि अगर बच्चों के कल्याण के लिये हम इस प्रकार की योजना नहीं बनाते हैं, उन्हें सही रूप में अमली जामा नहीं पहनाते हैं तो सारी की सारी चीज बेकार हो जाती है।

साथ ही साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि देश के बच्चे जिस वातावरण में पलते हैं, उसका प्रभाव उनके ऊपर अवश्य पड़ता है। अभी एक माननीय सदस्य बोल रहे थे कि बच्चों का अंग-भंग करके उनसे भिक्षा मंगवाते हैं। हमारे देश मे कुछ रजिस्टर्ड संस्थायें भी हैं, जैसे अनाथालय। लोग अनाथालय खोल लेते हैं और उनमें बच्चों से भिक्षा मंगवाते हैं। क्या अनाथालय में बच्चों को कोई उद्योग-धन्धा नहीं सिखा सकते हैं? इन अनाथालयों को समाज-कल्याण बोर्ड से ग्रांट भी मिलती है। वे लोग ग्रांट भी लेते हैं और बच्चों से भीख मंगवाते हैं। ये ही बच्चे आगे बड़े होकर चोरी करना सीख लेते हैं जेब काटना शुरू कर देते हैं और बीड़ी आदि पीना सीख लेते हैं। इन संस्थाओं पर भी नियन्त्रण होना चाहिये। हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि जो लोग इस तरह से बच्चों का प्रयोग करके राष्ट्र की सम्पत्ति को नष्ट करने मे लगे हुए हैं वह ऐसा न कर सकें। इस बारे में हमें गम्भीरता से विचार करना चाहिये कि आगे आने वाली पीढ़ी को हम किस प्रकार से देश के अच्छे नागरिक बना कर अपने देश का भविष्य उज्ज्वल कर सकें। इन शब्दों के साथ मैं इसका समर्थन करता हूं।

श्री अमरनाथ विद्यालंकार (चंडीगढ़): सभापति महोदय, जहां तक समाज कल्याण के सम्बन्ध में नीति की घोषणा का ताल्लुक है, मैं ऐसा समझता हूं कि कोई भी सदस्य उससे मतभेद नहीं रखता है, सब बातें उसमें अच्छी हैं। लेकिन इसके बावजूद भी, जैसा आपने बहुत सारे भाषणों मे सुना भी होगा, यह मालूम नहीं होता है कि हम लोग शिक्षा से और जिस तरीके से हम बच्चों को रख रहे हैं, उससे हमारा सन्तोष नहीं है। यह ठीक ही कहा गया है कि अगर कोई कौम उठती है, तो उसकी बुनियाद बच्चे होते हैं। मैं ऐसा मानता हूं कि हमारी मौजूदा समस्याओं का बहुत सारा जो कारण है, जो उसकी बुनियाद है, वह हमारी शिक्षा में है। शिक्षा ठीक नहीं होती तो बहुत सारी समस्यायें पैदा होती हैं। जब नागरिक अच्छी प्रकार से शिक्षित नहीं होते हैं तो समस्यायें उत्पन्न होती हैं।

सभापति महोदय, आपको याद होगा कि कुछ समय पहले, इस एमरजेन्सी के पहले हमारे इस सदन में कुछ लोग बहुत पढ़े थे, शिक्षित थे, प्रोफेसर भी थे और ऊंची शिक्षा पाये हुये भी थे और कई लोग राजनीतिक शास्त्र के भी पंडित थे। लेकिन उन्होंने ऐसा मान लिया, वह डेमोक्रेसी का नाम लेते थे, जमूहरियत का नाम लेते थे, उन्होंने समझा कि प्रजातंत्र ऐसे ही भली भांति चलता है कि अगर संसद् में हल्ला गुल्ला किया जाये। मैं यह आक्षेप नहीं करता. लेकिन मैं यह नतीजा निकालता हूं कि हमारी शिक्षा मेयार क्या है। एक व्यक्ति ऊंची शिक्षा पाकर, बड़ी-बड़ी डिग्री हासिल करने के बाद भी कैसा व्यवहार करता है, किस प्रकार के आचरण करता है उससे पता चलता है कि उसकी शिक्षा मुकम्मिल हुई है या नहीं। संस्कृत में एक कहावत है : "साक्षर" का विपर्यय "राक्षस" है। साक्षर अगर उलट जाये तो वह राक्षस बन जाता है। इसके अक्षरों को अगर उलट दीजिये तो राक्षस बन जाता है।

हमारी शिक्षा जो चल रही है, शुरू से ही बचपन में ही उसका परपज, उसका मकसद उन्होंने वहां माना। अंग्रेजों के जमाने में जो हम... पैटर्न था वही पैटर्न आज भी चल रहा है, वही नमूना आज भी चल रहा है।

शिक्षा के सम्बन्ध में बड़ी बड़ी रिपोर्टें निकली हैं। यहां पर डा० राधाकृष्णन और मुदालियार साहिब की रिपोर्ट का जिक्र किया गया है। मैं समझता हूं कि शिक्षा के सम्बन्ध में जितना साहित्य और जितनी रिपोर्ट लिखी गई हैं, उतनी किसी और विभाग के बारे में नहीं लिखी गई हैं। यह ठीक है कि उन रिपोर्टों में बहुत अच्छी अच्छी बातें कही गई हैं। प्रेजीडेन्ट से लेकर मिनिस्टरों तक राजनीतिक कन्वोकेशन भाषण देते हैं, तो वे शिक्षा की वर्तमान प्रणाली की आलोचना करते हैं। लेकिन यह भी सही है कि पुराने पैटर्न को बदलने के लिये जितना कम काम शिक्षा के क्षेत्र में हुआ है, उतना कम किसी अन्य क्षेत्र में नहीं हुआ है। आज भी वही पुराने पैटर्न, वही पुराना ढर्रा, चल रहा है।

मैं समझता हूं कि इसकी एक वजह यह है कि हमने साक्षरता को शिक्षा का एक आदर्श और ध्येय मान लिया है। हमने समझ लिया है कि अगर कोई व्यक्ति साक्षर हो गया, तो वह शिक्षित हो गया। हमने साक्षरता को एक साधन नहीं समझा है। लिट्रेसी इज ए मीन्ज, नाट एन एंड इन इटसेल्फ। हमने यह समझ लिया है कि अगर एक व्यक्ति किसी तरह से, भले ही नकल करके, पर्चा लिख दिया और परीक्षा पास कर ली, तो सब ठीक हो गया। लेकिन क्या वह सही किस्म का नागरिक बना है या नहीं, उसका व्यवहार और आचरण कैसा है और एक विशेष परिस्थिति में वह किस प्रकार आचरण करता है, इसकी कोई परीक्षा नहीं है। इसीलिये जीवन में आगे चल कर पता चलता है कि शिक्षित और अशिक्षित में कोई फर्क नहीं है। अशिक्षित लोग तो पंचायत का काम भली-भांति चला सकते हैं, लेकिन शिक्षित लोगों की सभा-सोसाइटियों में हल्ला-गुल्ला और पार्टी-बाजी चलती है। यह राजनीतिक की शिक्षा हुई या समाज-शास्त्र की शिक्षा हुई?

सफाई की बात कही जाती है। कई बार मैं देखता हूं कि शाम को छुट्टी के समय लोग सेक्रेटेरिएट से निकलते हैं और जहां कहीं भी उनको सहूलियत होती की जरूरत होती है, तो वे दीवार के साथ खड़े हो कर उसको लेट्रिन या मूत्रालय के तौर पर इस्तेमाल करते हैं। क्या ये लोग शिक्षित हैं या नहीं? अशिक्षित शायद ऐसा नहीं करेगा, लेकिन शिक्षित करते हैं। इसका कारण यह है कि प्राइमरी स्कूल में कोई शिक्षक बच्चों को यह नहीं बताता है कि लेट्रिन और मूत्रालय का इस्ते-

[श्री अमरनाथ विद्यालंकार]

माल कैसे होता है, रूमाल का इस्तेमाल कैसे होता है, सफाई कैसे की जाती है, मुंह और नाक कैसे धोया जाता है, अपनी चीजों को सलीके से कैसे रखा जाता है।

बहुत से लोग अपने बच्चों को पब्लिक स्कूलों में इसलिये भेजते हैं कि हालांकि वहां पाठ्यक्रम वही होता है, जो दूसरे साधारण स्कूलों में होता है, लेकिन फ़र्क यह है कि वहां उनका जीवन में आचरण, रहन-सहन का सही ढंग, ठीक तरह से कपड़े पहनना और बैठना तथा सलीके से काम करना और बात करना सिखाया जाता है। पुराने समय में यह शिक्षा मां-बाप और टीचर दिया करते थे। लेकिन आज की शिक्षा में इन बातों का कोई स्थान नहीं है।

मैं यह नहीं मानता कि धन की कमी की वजह से हम इस तरह की शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं। मैं मानता हूं कि नये प्राइमरी स्कूल खोलने के लिये शायद धन न हो। लेकिन जो स्कूल चल रहे हैं, उनमें टीचर्ज को कहा जाये कि जहां उन्होंने बच्चों को ज्ञान देना है, किताबें पढ़ाना है गणित आदि विषय पढ़ाने हैं, वहां उन्होंने यह भी सिखाना है कि रूमाल का इस्तेमाल, लैट्रिन का इस्तेमाल कैसे किया जाता है, स्कूल और घर को कैसे साफ़ रखा जाता है, आदि।

आज डेमोक्रेसी और समाजवाद की बात कही जाती है। प्राइमरी स्कूल में टीचर छड़ी ले कर एक डिक्टेटर की तरह खड़ा होता है। आज भी गांव में टीचर छड़ी ले कर खड़ा होता है और एक आटोक्रेट की तरह व्यवहार करता है। हम यह आशा कैसे कर सकते हैं कि बच्चे उस से डेमोक्रेसी की शिक्षा हासिल करेंगे। बुनियादी बात यह है कि हमने अपने देश में बच्चों को जिस तरह के नागरिक बनाना है, उस के अनुरूप शिक्षा का नमूना सामने नहीं रखा है और पहले के पैटर्न को नहीं बदला है। अगर बुनियादी तौर पर प्राइमरी से उस पैटर्न को तब्दील करें तो हो सकता है कि उसी पैटर्न को बदलते बदलते आप आगे पहुंच सकें। आज तो वही ढर्रा चल रहा है। मैं नहीं समझता कि हमलोग अभी इसमें इतने कमजोर हैं? इस बात की बड़ी भारी जिम्मेदारी हम पर है। जब हम आजाद हुये थे उसके बाद से एक पीढ़ी का समय, 25–30 साल का समय हमने बिता दिया और आज हम चले हैं उस नीति का एलान करने कि बच्चों के सम्बन्ध में हमारी क्या नीति हो।

हममें से बहुत सारे लोग समाजवादी देशों में गये हैं। पंडित नेहरू कहा करते थे और लोगों ने भी कहा है कि समाजवादी देश के बच्चों के लिये पैराडाइज हैं। आप कहते हैं कि हमारा देश बहुत बड़ा है और हमारे यहां धन की कमी है। लेकिन मैं कोरिया में गया, वहां मैंने देखा कि हर एक स्कूल में पैटर्न दूसरा है। यह ठीक है कि वहां वे खर्चा कम करते हैं, इतना खर्चा नहीं करते लेकिन बुनियादी पैटर्न जो है वह भिन्न है। समाजवादी देशों ने सोचा कि समाजवाद की शिक्षा देनी है और जनता को समाजवाद के ढंग की व्यवस्था पर लाना है तो बच्चों को बदलना पड़ेगा। जो पुराने हैं वे तो पुराने संस्कारों से आजाद नहीं होंगे। लेकिन बच्चों को उन्होंने पकड़ा और नई जेनरेशन जो वहां पैदा हुई वह समाजवाद के ढंग पर चल पड़ी रही है।

मैं शिक्षा मंत्री महोदय से यह निवेदन करूंगा, वे स्वयं बहुत बड़े शिक्षा शास्त्री हैं और मैं जानता हूं कि उनके दिल के अन्दर में तड़प है कि शिक्षा में किस तरह वे अपने कार्यकलाप में परिवर्तन कर दें, तो मैं चाहता हूं कि वे बुनियाद से शुरू करें और पैटर्न को बदलें, टीचर्ज को और स्कूलों को समझायें कि साक्षरता साधन है, साध्य नहीं है, वह

अपने आप में उद्देश्य नहीं है। साक्षरता के साधन से, साक्षरता के माध्यम से कुछ और सिखाना है। क्या सिखाना है इस बात को हर एक टीचर हर एक स्कूल और हर एक स्कूल के संस्थापक समझें।

दूसरी बात—डागा साहब ने जो कुछ कहा उसको मैं दोहराना नहीं चाहता। हमारे लिए शर्म की बात है कि हमारे यहां छोटे छोटे बच्चे भीख मांगते फिरते हैं और जब बाहर से कोई विदेशी आता है तो उसके पीछे पीछे बहुत भागते हैं क्योंकि विदेशी शायद तरस खाकर ज्यादा पैसे उनको दे देता है। मुझे शर्म आती है इस बात से जब भी यह नजारा मेरे सामने आता है। इस नजारे को रोकना चाहिये। जो हमारे देश का गौरव है उस पर इससे बट्टा लगता है जब कि हमारे छोटे छोटे बच्चे जिनको हम अपने भविष्य का कर्णधार मानते हैं वे जा जा कर इस तरह से भीख मांगते फिरते हैं। इस चीज़ को हमें रोकना चाहिये।

**श्री जांबुवंत धोटे** (नागपुर) : अध्यक्ष महोदय, बालक, विद्यार्थी देश का आधारशिला है, इस देश के बाग का वह फूल है, राष्ट्र का वह भावी भ्रधार है, कर्णधार है, वगैरह वगैरह सभी ओर के लोग कहते हैं। जब भी बालक दिन आता है विद्यार्थियों में और बालकों के मेले में हम लोग जाते हैं तो हम यही दोहराते हैं कि मारे बच्चे हमारे राष्ट्र के उद्यान के फूल हैं, खिले हुए, अधखिले फूल और कलियां हैं। इस देश में बातें बहुत कही जाती हैं। भाषण करने वालों का एक तबका का तबका इस देश में पैदा हुआ है।

जो संकल्प आज हमारे सामने पेश किया गया है उसकी नींव, उस का ढांचा 22 अगस्त, 1974 को बना है और वह आज इस हाउस में बहस करने के लिए आया है। बच्चों के सम्बन्ध में हमारी जो राष्ट्रीय नीति है उसकी यह भयानक स्थिति है कि उसका ढांचा 1974 में बना और आज 1976 के अगस्त में इस हाउस में उसके ऊपर चर्चा हो रही है।

जो ढांचा इस हाउस में पेश किया गया है उसका प्रमुख मकसद है, मेरे ख्याल से कि बालकों में विद्यार्थियों में जो असमानता है उस असमानता को समानता में परिवर्तित करना। उसकी प्रस्तावना के आखिरी वाक्य में कहते हैं कि हमारा लक्ष्य यह होना चाहिये कि विकास की अवधि में सभी बच्चों को विकास के समान अवसर दिए जाय क्योंकि इससे असमानता कम करने और सामाजिक न्याय स्थापित करने के हमारे बड़े उद्देश्य की भी पूर्ति होगी। इस देश में कान्वेंट्स हैं। केवल क्रिश्चियन कान्वेंट खोल कर ही इस देश के लोग रुके नहीं।

इस देश में हिन्दू कान्वेंट हैं, मुस्लिम कान्वेंट हैं, नर्सरी स्कूल्स हैं, पब्लिक स्कूल हैं जिनमें एक क्लास के बच्चे जाते हैं। इस हाउस के मेम्बरों के बच्चे उनमें जायेंगे, एम एल एज के बच्चे उन में आयेंगे। पूंजीपतियों, मिडिल क्लास के लोगों के बच्चे उनमें आयेंगे। जो नीचे का तबका है, जो सर्वहारा तबका है जिस तबके के उत्थान के लिए हमारी प्रधान मंत्री जी ने बीस-सूत्री आर्थिक कार्यक्रम लागू किया है, उस वर्ग के बच्चों, पददलितों और आदिवासियों के बच्चों, मासेज के बच्चों को पढ़ाने के लिए क्या सुविधा है? उनके लिए म्युनिसिपलिटीज के स्कूल हैं, कार्पोरेशन के स्कूल हैं, जिला परिषद् के स्कूल हैं लेकिन उन स्कूलों की क्या व्यवस्था है? सभापति जी, आपको महाराष्ट्र की जानकारी होगी कि वहां पर महाराष्ट्र सरकार ने नया आदेश निकाला है कि प्राइमरी स्कूलों में एक क्लास में कम से कम 60 बच्चे होंगे। 60 शिशुओं को एक शिक्षक पढ़ायेगा।

[श्री बापुसंत ओटे]

शिक्षा का जो स्तर है वह भी मालूम है। पिछडे वर्ग, स्लम एरियाज के बच्चे जहां जायेंगे पढ़ने के लिए वहां एक क्लास में 60 बच्चे होंगे जबकि वहां के शिक्षक भी प्रापर्ली ट्रेंड नहीं हैं। उन स्कूलों में तो एक क्लास में 60 बच्चे रहेंगे जब कि कान्वेंट में एक क्लास में 10–20 बच्चे रहेंगे क्योंकि वह बड़े परिवारों के बच्चे हैं, ज्यादा पैसा देते हैं। उनके बच्चों की सुविधा के लिए बहुत सारे इन्तजाम हैं लेकिन गरीबों के बच्चे जहां पढ़ते हैं वहां पर क्या होगा? इस सम्बन्ध में कई रिपोर्ट्स आई हैं कि एक शिक्षक के लिए 40 बच्चे अधिक हैं, केवल 20 बच्चे ही होने चाहिए। किसी ने कहा है कि 10 बच्चे ही होने चाहिए। इन रिपोर्टों के बावजूद महाराष्ट्र में ऐसा आदेश निकला है कि एक क्लास में कम से कम 60 बच्चे होने चाहिए। तो इस प्रकार का जो विरोधाभास है उस पर हमें विचार करना चाहिए। इसमें क्लास आउटलुक का प्रश्न पैदा होता है। यहां पर जो हम लोग बैठते हैं चाहे किसी भी दल के हों, किसी स्तर के हों उनका क्लास बदलता है। कैपिटेलिस्टिक सोसाइटी में क्लास आउटलुक बदलता है, पूंजीवादी व्यवस्था में क्लास बदलता है। हम पार्लियामेन्ट में आते है, मिनिस्ट्री में आते हैं तो क्लास बदलता है। कभी कभी फैशन के लिए समाजवाद की बात करते हैं। आज सारे राष्ट्र में बीस-सूत्री आर्थिक कार्यक्रम की बातें कही जा रही हैं, यदि उनका इम्पलीमेंटेशन करना है तो सब से पहले हमारे देश में जो पब्लिक स्कूल हैं, जो कान्वेन्ट्स हैं चाहे हिन्दू, मुस्लिम या क्रिश्चियन कान्वेन्ट्स हों उनको बन्द करना होगा। आपने कहा पब्लिक स्कूलों में एक बच्चे पर दो सौ रुपये देने होते हैं। वे लोग अपने एक बच्चे पर दो सौ रुपये खर्च कर सकते हैं लेकिन आज हमारे देश की जो हालत है, 80 प्रतिशत लोग गावों में रहते हैं वहां की हालत क्या है? आज भी यवतमाल जिले में और मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के कई इलाकों में खेतिहर मजदूरों को 4–6 आने मजदूरी देते हैं।

आज जब कि मिनिमम वेजेज का कानून सारे देश में लागू है, फिर भी मध्य प्रदेश में ऐसे बहुत से इलाके हैं, उत्तर प्रदेश में कई इलाके हैं, महाराष्ट्र में कई जगहें ऐसी हैं— जो खलिहानों में काम करते हैं उनको मजदूरी के रूप में केवल 6 आने मिलते हैं और सब मिलाकर उनको टोटल आमदनी 30 रुपये माहवार से अधिक नहीं मिलती है। अब आप बतलाइये—वह व्यक्ति दो सौ रुपये माहवार की फीस वाले स्कूल में अपने बच्चे को कैसे डालेगा।

यह संकल्प 22 अगस्त, 1974 को पेश किया गया था, उस पर आज बहस हो रही है। इसका मकसद यह है—मन्त्री महोदय ने इसकी एक लाइन को पढ़ कर बतलाया था—दोनों वर्ग के जो बच्चे है— गरीबों के बच्चे और अमीरों के बच्चे या इन में भी नीचे स्तर के जो बच्चे हैं उन सबको समान सुविधा देकर उनका समान रूप से विकास करना चाहते हैं—मैं समझता हूं इस बात में कोई भी विरोध नहीं करेगा, इस दृष्टि से यह बड़ा प्यारा संकल्प है, लेकिन इस पर अमल होना चाहिए। यहां पर सब लोग यही इच्छा प्रकट कर रहे हैं और हम भी यही इच्छा प्रकट कर रहे हैं। इस संकल्प की प्रस्तावना के जो आखिरी शब्द है—वे बिलकुल साफ हैं—"सब के साथ सामाजिक न्याय स्थापित करने के लिए और असमानता को खत्म करने के लिये इस प्रस्ताव को हमने पेश किया है।" इस प्रस्ताव पर यदि अमल करना है और जब हम बीस सूत्री कार्यक्रम की बात कर रहे हैं तो सब से पहला काम यह होना चाहिये कि इस देश के सारे पब्लिक स्कूल्स—हिन्दू,

कान्वेन्ट्स, मुस्लिम कान्वेन्ट्स, क्रिश्चियन कान्वेन्ट्स, सब बन्द होने चाहिये । हमारे तमाम बच्चे एक समान स्तर के स्कूल में पढ़ने जायें—जिससे सब का विकास समान रूप से हो। यहां हाउस में बैठने वाले सदस्य, हमारे शिक्षा मंत्री जी, सारी कैबिनेट के मंत्रियों के बच्चे—ये सब पब्लिक स्कूलों में जाते होंगे—चाहे अपोजीशन के लोग हों या पार्टी-इन-पावर के लोग हों—सब के बच्चे इन कान्वेन्ट्स में जाते हैं, किसी का बच्चा मुनिसिपैलिटी या जिला परिषद् के स्कूलों में नहीं आता होगा—इस पर पाबन्दी लगनी चाहिये, वरना जो बातें यहां पर हो रही हैं, वे सिर्फ बातें ही रह जायेंगी । मैं आपके इस प्रस्ताव का हृदय से समर्थन करता हूं, लेकिन इम्पलीमेन्टेशन होना चाहिये ।

यहां एक विद्वान माननीय सदस्य ने कहा कि भीख मांगना जुर्म है तो एक दूसरे माननीय सदस्य कहते हैं कि भीख देना भी गुनाह है—मैं उनसे पूछता हूं—क्या किसी को शौक है कि भीख मांगे ? वह क्यों भीख मांगता है—क्या आप ने कभी इस पर विचार किया है । रेलवे के प्लेटफार्म पर, बस स्टैण्ड पर, रास्ते में, कनाट प्लेस में जो बच्चे भीख मांगते हैं—वे शौक से भीख नहीं मांगते । एक माता अपने बिलखते हुए बच्चे को गोद में लेकर भीख मांगती है—क्या भीख मांगने में उसकी खुशी होती है— परिस्थिति उसको भीख मांगने के लिये मजबूर करती है । इसका क्या कारण है, सब से पहले हमें उस को दूर करना चाहिये, तब कानून की बात सोचियेगा । यह तो यह बात हुई—हमारे यहां मराठी में एक कहावत है —

"माय खाना देय ना, भणि बाप
भीख मांगू देय ना ।'

मां खाने को रोटी नहीं देती भौर बाप भीख मांगने नहीं देता । हमारे देश की अर्थ व्यवस्था खाना नहीं देती भौर सरकार कहती है कि भीख नहीं मांगने देंगे । रेलवे प्लेटफार्म पर पुलिस भौर रेलवे कर्मचारी उनके पीछे दौड़ते हैं, रास्ते में पुलिस तंग करती है, उस के बावजूद भी शिक्षा मंत्री जी अगर अपनी पौकेट में किसी को भीख देने के लिये हाथ डालते है तो कहा जाता है कि वह भी गुनाह है, जुर्म है । कई जगहों पर ऐसे कानून लागू करने की कोशिश की गई है, महाराष्ट्र में भी ऐसा कानून लाने का प्रयास किया गया है, लेकिन यह इन-ह्यूमन है, अमानुषिक है । वह क्यों भीख मांगता है—इस तरफ़ आपको देखना चाहिये । बुनियादी बातों को देख कर ही हमें किसी बात का निश्चय करना चाहिये, वरना ये सारी बातें, बातें ही रह जायेंगी । इस देश में भाषण देने वाले गैंगस्टर्स बहुत पैदा हो गये हैं—आप इस तरह से देखिये—इस हाउस में जितने लोग बैठ हैं उन में से किन-किन के बच्चे पब्लिक स्कूलों में जाते हैं भौर किन किन के सामान्य स्कूलों में जाते हैं—इससे ही सब बातें स्पष्ट हो जायेंगी ।

**श्री बी० वी० नायक (कनारा)** : सभापति महोदय, मैं पब्लिक स्कूल का प्रोडक्ट नहीं हूं लेकिन फिर भी धांटे साहब ने जो कहा है कि हमारे देश मे जो पब्लिक स्कूल हैं, उनको बन्द कर देना चाहिए, इसको मानने के लिए मैं तैयार नहीं हूं । पब्लिक स्कूल का प्रोडक्ट मैं नहीं हूं, तो भी इसका समर्थन करने के लिए मैं अशक्त हूं क्योंकि मुझे तो जिन्दगी मे यह गुड फोरचून, या जो कुछ भी श्री राम सहाय जी पांडे कहें, सौभाग्य नहीं मिला कि मैं पब्लिक स्कूल में पढता, मगर मैं सुनता हूं कि पब्लिक स्कूल में जो पढाते हैं, वहां के शिक्षक अच्छा पढाते हैं भौर वहां शिक्षण की जो प्रथा है, वह बहुत अच्छी तरह से चल रही । इस लिए अगर कोई गरीब खानदान में पैदा हुआ हो लेकिन फिर भी वह लड़का होशियार है

[श्री बी० वी० नायक]

ग्रौर डेलेन्डेड है, तो उसको पब्लिक स्कूल मे डाल कर पढ़ाया जा सकता है। हमारे देश के नेता, हमारे देश के बडे बडे अफ़सर ग्रौर यहा तक कि हमारे देश के मेम्बर ग्राफ पार्लियामेंट ग्रौर हमारे शिक्षा मत्री जी, जो बैठ हैं ग्रौर दूसरे ग्रच्छे ग्रच्छे मत्री ग्रगर वहा से ग्रा जाए, तो इससे देश का नुकसान तो कुछ नही होगा । इसलिए मैं कहता हू कि उसके लिए कोई सलेक्शन सिस्टम ग्राप रखे ले ग्रौर टलेंट को ग्राइडेंटीफाई कर दीजिए ।

श्री जामबन्त धोटे ग्राई०ए०एस० मे सभी पब्लिक स्कूलो के बच्चे ग्रा रहे हैं ।

श्री बी० वी० नायक छ वर्ष का बच्चा तो ग्राई०ए०एस० मे नही ग्राएगा। ग्राई० क्यू टेस्ट होगा । क्वालीफाइड साइकट्रिस्ट द्वारा इंटलिजेंस कोसेंट का टेस्ट होगा । उस बाद ही व लडके ग्राने है । उनके घर वाले मेम्बर ग्राफ पार्लियामेंट नही रहते हैं न बडे खानदानो के लोग ही रहते हैं। गरीब खानदान मे पैदा होने वाले बच्चे भी उसम ग्रा सकते हैं। हम भी दो, तीन जनरेशन्स पहले बहुत गरीब थे । हम भी देहात से ग्राते थे मगर बाद म कई लोगो ने बहुत मेहनत से पढा ग्रौर जिन्दगी म ग्रागे बडे । इसलिए समाजवादी राष्ट्रो मे भी ऐसा करने की जरूरत होती है ।

SHRI JAMBOWANT DHATE (Nagpur): It is the essence of a capitalistic society.

SHRI B V. NAIK I do not believe that a socialist society is an incompetent society.

जो यह कहते हैं कि समाज मे व्यक्ति हो ग्रौर ग्रच्छा समाज हो तो परसूट ग्राफ एक्सीलेंस के लिए कोशिश होनी चाहिए । ग्रगर कम्पीटीटिव सोसाइटी न हो, तो सोशलिस्ट सोसाइटी नही चल सकती । ग्राप ईस्ट जर्मनी को देखिए रूस को देखिए ग्रौर वहां के एथलीट्स को देखिये ।

What is their pursuit? It is the pursuit of excellence. It is the pursuit of their duty in physical performance.

कम्पीटीशन करने के लिए कुछ न कुछ होना चाहिए ।

Kindly understand communism as Marx has understood it. For Heaven's sake, don't misinterpret Marx.

MR CHAIRMAN: I think it is better that you continue in English.

श्री बी० वी० नायक मुझ वोट भी चाहिए, इसलिए मैं हिन्दी मे बोल रहा हू । (व्यवधान) . मैं इस पालिसी के बारे मे शिक्षा मत्री जी से पूछना चाहता हू । पहला नम्बर हो गया नेशनल पालिसी ग्रान पापुलेशन । वह रेलेवेन्ट था । उसको हम मानने के लिए तैयार थे । क्वेश्चन ग्राफ वि ग्रावर लोक था, टाइमली था । उस के बाद इन्टरनेशनल वीमेंन इयर मे मत्री महोदय नेशनल पालिसी ग्रान वीमेंन पर रेज्योल्यूशन लाए । वह भी अन्डरस्टेंडेबिल था क्योंकि वीमेंन ने वोटिंग वगैरह वगैरह की बात थी । वह भी रेलेवेन्ट था ।

ग्रब यह चिल्ड्रन के बारे मे ग्राप नेशनल पालिसी लाए हैं । इसमे कुछ पालिटीकल कैच वाली बात तो नही है ?

They are below the voting age, i.e. upto 14 years of age

16 59 hrs.

(Shri C M Stephen in the Chair).

पेरेन्ट्स गार्जियन के लिए भी ग्रगर ग्राप इसको लाए तो मैं पूछना चाहता हू कि किस तरह से ग्राप लागू करेंगे क्योंकि इन्डिविजुअल ग्राइडियल को लेकर जब हम चर्चा करेंगे तो उस वक्त ग्राप कहेंगे कि यह स्टेट लेविल पर इम्पलीमेंटेशन के लिए जाएगा ।

This is in the Third List, that is, in the State List. It is not in the Central List.

इसके लिए मैं पूछना चाहता हूं कि नेशनल पालिसी फ़ार चिल्ड्रन जो है जो कि मिनिस्ट्री आफ हेल्थ और मिनिस्ट्री आफ एजूकेशन वालों की है जिसके बारे में आपने आइटम नम्बर चार में कहा है —

"will be drawn consistent with the availability of resources." Sir, it is my humble submission that nothing in any Government can be done without resources. It is the responsibility of any planner, educationist, Minister or administrator to plan how to identify the priorities.

17 hrs.

इसको देखते हुए आपने 15 प्वाइंट नेशनल पालिसी निकाली है लेकिन हमारे कांस्टिट्यूशन में डाइरेक्टिव प्रिंसिपल्स में जो कम्पलसरी एजूकेशन के बारे में आर्टिकल है वह अभी तक एक ड्रीम बन कर, एक स्वप्न बन कर रहा है। आपने जो 15 प्वाइंट का नेशनल प्रोग्राम बनाया है और नेशनल पालिसी बनायी है, उसके द्वारा कम से कम आप सारे देश के स्कूलों में पढने वाले बच्चे-बच्चियों को, चाहे वे अमीर के हों, चाहे गरीब के हों, चाहे मध्यम वर्ग के हों, सार्वत्रिक या सामूहिक रूप से, यूनिफार्मली शिक्षा दें। जो कोई भी हिन्दुस्तान में पढने वाला हो, उसको यह शिक्षा दे सकते हैं।

मंत्री महोदय, मैं आपको फिर एक बार पढ़ कर सुनाना चाहता हूं —

"landmarking of the socialist progress".

इतना कर दीजिए।

Give us one uniform and one dress. It would not cost very much. It would not be outside the purview of your administrative or fiscal competence. Let all of our children in the school-going children look alike, at least till they go out of the adolescent stage.

अध्यक्ष महोदय मुझे और भी कुछ कहना था। हमारे दोस्तों ने भी इस पर काफी कुछ कहा है। पब्लिक स्कूल्स के बारे में जो घोते साहब ने कहा है, उससे मे बिल्कुल सहमत हूं।

Very recently I had an opportunity of addressing the children of the age group 5 to 10.

अध्यक्ष महोदय, मैं जब स्कूल में पढता था, जब आप लोग पढते थे, उस समय मैं भी पढता था, आज से करीब 20–25 साल पहले जब मैं स्कूल में पढता था, उस समय हमारे देश में जो स्कूल चल रहे थे, उन के विद्यार्थियों में, बालक-बालिकाओं में और आज के स्कूलों में और विद्यार्थियों में बड़ा भारी अन्तर है।

There is an ocean of difference. I am not going to believe in the cock and bull story that there is no progress. There is progress. The younger children today are smarter. They have less mucus in the nostrils. The essential point is that there is progress. We cannot deny that.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE: In which direction?

SHRI B. V. NAIK: It can only be in the positive direction, unless of course his mind moves in the negative direction. So, there is progress in education. But, so far as sports is concerned, there is a very very great decline in the interest of the students, which we have to investigate. Therefore, kindly take over all the municipal schools and hand then over in the State Government as the biggest employer in the educational field.

[Shri V. K. Naik]

There is no meaning in having privately run schools, since 90 to 95 per cent of their budgets are coming from the State coffers. I do not understand particularly the Government of India expressing its helplessness time and again in regard to the implementation of the education policy. The national policy on children has the backing of all, but kindly give us uniforms.

SHRI CHAPALENDU BHATTACHARYYIA (Giridih): It is said that of all the types of capital in a country, the most valuable is the human capital. In Iidia, unfortunately, in this present phase of population explosion, the population, the pyramid is widening much faster at the base, in the zero to 14/20 age group than at the top, and whatever efforts we may make to give equality of opportunity to the people, because of law's delays, because of delays in implementation, because of experimentation, many of our honest and honourable intentions become out of date before they get off the ground.

The failure to orchestrate a uniform policy of economic growth resulted in regional variations. Similarly, unless you orchestrate a uniform policy for children all over India, this variation will become sharper and sharper as the years roll by, and for that I see no way out except bringing this subject into the Concurrent List.

It is a large task. From pre-natal to post-natal, the education of children up to the age of 14, their nutrition, their physical build-up, the assessment of their intelligence quotient, all these have to go hand in hand. We must have a system of scouting for talent. India is populated by exceptionally talented people. Many other countries are afraid of our talents. Out of poverty, through discipline, we reached certain peaks in pure and abstract thinking and philosophy and certain practices. Unfortunately, although we are inheriters of that tradition, we are not able to keep up that standard. So, scouting for talent in the schools from early age is a "must" if we have to separate the chaff from the grain and if we have to help these people, irrespective of their economic background, to the topmost position of responsibility in science, in teaching, in the humanities and in the leadership of the country.

But, Sir, shadow has fallen between that dream and the present reality. The children in the villages are not getting their due. Children in the towns are subjected to environment pollution, to sound pollution. As a result of working of the loudspeakers for 24 years, their mind is getting disarrayed; they become incapable of abstract thinking, and to make matters worse, our films, songs and posters give them a sort of compulsory education in sex. What are the hit songs?

मैं ने पीना सीख लिया, दांव लगा के,
प्यार किया तो डरना क्या, मैं आवारा हूं ।

These are hit songs. The censor is sitting quietly on them as an on looker. We are helpless or disinterested spectators. The chickens are coming home to roost in the form of higher rate of crime in juvenile delinquency. Now we are thinking not of the preventive aspect but of hostels, institutions and reformatories. What happens in reformatories? They get crime Post-Graduation degrees in reformatories and in most of these institutions. Every institution is the lengthened shadow of an individual incharge, be it a school or be it a hostel or be it an institution.

We are now sitting in the shadow of the Indian debacle in the world olympics. That is not a feature in the cape of the Ministry of Education and Social Welfare. If we had taken boys of 10—12 years of age with a certain height from Nagaland, we would have certainly trained them into fast cricket bollers that the world

has created. But are we doing that? We are not going that way. The difficulty is that our planning is macro-economic and sophisticated. It passes the villages by, our education policy passes the villages by, and what is happening to our total planning is also regected in planning in education and a particular in our implementation of policy of the children. What is the care that we take of our children. In America, the children have gone to the other extreme. The children are the masters of the households. Here, they hardly exist. If they exist, they have a peripheral existence in the home. I am speaking of the average family. We have to strike a mean. That is one extreme and ours is another extreme. There should be a uniform outlook. I entirely agree with Mr. Naik, that is the least we could do. Otherwise, in a school, a son of a rich man going with a terycot bushshirt and pant creates a lot of discontent among the other children. That must be avoided.

Secondly, we have suggested equality of opportunity. It is an essential element of socialism which we want to implement. Mr. J. B. S. Haldane, the famous Physiologist has said,

> "An equality of opportunity over a period will bring down an inherent inequality of man as regards their aptitude, talent."

But equality of opportunity is a must. We have to provide it. Rs. 3000 crores is not such a large sum to invest for our future.

I welcome this Resolution and support it, as far as it goes, and I congratulate the hon. Minister for bringing it.

श्री राम सहाय पांडे (राजनंदगांव) : सभापति महोदय, मैं राष्ट्रीय बाल नीति सम्बन्धी इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

मैं अपने पूर्व-वक्ताओं से सहमत हूं कि अगर हम राष्ट्रीय सम्पत्ति की कल्पना के परिप्रेक्ष्य में देखें, तो सब से अधिक महत्व बच्चों का होता है। युनाइटिड नेशन्ज के चार्टर में भी इस का उल्लेख है और हमारी राष्ट्रीय बाल नीति में भी इस का उल्लेख किया गया है। इस में कहा गया है :

> "Equal opportunities for development to all children during the period of growth should be our aim, for, this would serve our larger purpose of reducing inequality and ensuring social justice."

इस सम्बन्ध में सरकार की नीति के सम्बन्ध मे कहा गया है :

> "It shall be the policy of the State to provide adequate services to children, both before and after birth, and through the period of growth to ensure their full physical, mental and social development."

इस से यह सिद्ध होता है कि हम ने अपनी राष्ट्रीय बाल नीति का निर्धारण करते हुए यह अनुभव किया है कि हमारे राष्ट्र के निर्माण और विकास की सब से पहली सीढ़ी बच्चे हैं और इसलिए हमें उन के विकास, स्वास्थ्य और संस्कारों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

इस प्रस्ताव में कहा गया है कि सरकार की नीति यह होगी कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उन के जन्म से पहले और पश्चात् तथा उन के उभार-पोष-के काल में उपयुक्त सेवायें उपलब्ध की जायें। हम स्वीकार करते हैं कि हमारा देश गरीब है और दुनिया के सम्पन्न देशों के से साधन हमारे पास नहीं है। लेकिन अगर वैचारिक विपन्नता और वैचारिक दारिद्रय हमारे

[श्री राम सहाय पांडे]

जीवन में न हो, तो हम अपने राष्ट्र के उपलब्ध साधनों का उपयोग करते हुए अपने बच्चों के विकास तथा निर्माण को प्राथमिकता दे सकते हैं ।

हमारे यहां 1 वर्ष से 14 वर्ष के बच्चे 55 प्रतिशत हैं और वही हमारे राष्ट्र के जीवन का आधार, संबंध और भविष्य हैं । इस स्थिति में कोई कारण नही है कि जितने भी साधन हमारे पास हैं, उन के उपयोग के सम्बन्ध मे हम अपने बच्चों को पहला स्थान दें ।

इस बहस मे ऐसा लगा कि जैसे शिक्षा का सबसे अधिक महत्व है । मेरी दृष्टि मे शिक्षा से अधिक महत्व स्वास्थ्य का है । और इस लिए बच्चे के जन्म से पूर्व ही उस के स्वास्थ्य की देख-भाल प्रारम्भ होनी चाहिए । यदि प्रसव की अवस्था मे मा दुर्बल और अस्वस्थ है, तो यह बायोलोजिकली कभी सम्भव नही हो सकता है कि बच्चा स्वस्थ्य हो इसलिए बच्चे के जन्म से पूर्व ही मा की देख-भाल होना आवश्यक है । मा की देखभाल अगर होगी जैसे कि विदेशों मे होती है तो उस का परिणाम बच्चे के लिए बहुत ही हितकर होगा । मैंने देखा है विदेशो मे उनका ध्यान इस ओर गया है कि बच्चा स्वस्थ हो और वहां एवरेज बच्चे का जो वजन होता है वह प्राय. 8 पौंड होता है । 8 पौंड के बच्चे प्राय: वहा होते हैं । तो मा की देखभाल पहले, प्रसुति के बाद बच्चे के ग्रोथ के समय जब बच्चा चार या पांच वर्ष का, होता है तो उस की शिक्षा का प्रश्न आता है, फिर वातावरण का प्रश्न आता है । बच्चा स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मे रहे । फिर सस्कार की बात आती है जो मां बाप से और समाज से उसको मिलते हैं । फिर उस की आगे की शिक्षा की बात आती है, उसके काम की बात आती है, उस की नागरिकता की बात आती है और अन्ततोगत्वा राष्ट्रीयता की बात आती है । इन समस्त गुणों के समन्वय के रूप में किसी बच्चे का दर्शन करता हूं तो मैं समझता हूं कि या तो इस देश में गांधी जी ने यह दर्शन किए थे या नेहरू जी ने किए थे और यही कारण था कि सारे देश के बच्चों ने उनको चाचा नेहरू कर के सम्बोधित किया था । वे बच्चों की आंखो से आंखें मिला कर देखते थे और पंडित जी ने एक दफा कहा था कि किसी भी देश के भविष्य और वर्तमान को देखना हो तो बच्चो की आंख से आंख मिला कर देखो कि उन मे कितनी करुणा है, कितने वुलबुले हैं, कितने उन मे संस्कार है, कितने गुण हैं, कितने लक्षण हैं, कितने वे स्वस्थ हैं । यह बात पंडित जी ने कही थी । और बापू तो बच्चों से खेलते थे, उन को परमात्मा का स्वरूप समझते थे ।

इसका कास्टीट्यूशन जो बना है इस को देख कर मुझे बहुत शांति हुई और बड़ा अच्छा लगा —

"The President is, therefore, pleased to constitute a National Children's Board consisting of the following members

(1) Prime Minister—President.

(2) Minister of Education and Social Welfare—Working Chairman.

(3) Minister of Health and Family Planning—Member ..."

मुझे यह देख कर सतोष हुआ कि जिस श्रेणी के सूत्रधार थे बापू और नेहरू उसी की सूत्रधारिणी श्रीमती इंदिरा गांधी ने यह दायित्व स्वीकार किया है कि वे इस की अध्यक्ष हों । वे मां भी हैं और प्रधान मंत्री भी हैं । बच्चों के प्रति क्या ममत्व और क्या कल्पना एक मां कर सकती है मैं समझता हूं कि उन से अधिक और कौन जानता है जो अपनी कोख से बच्चे को पैदा करती है, स्तनों से बच्चे

का शोषण करती हैं और फिर उस को संस्कार देती हैं, गोदी में उस को खुला कर चेन्दा मामा के गीत गाती हैं। फिर अगर उस का बच्चा निर्जन और निर्धन होता है, विपन्न होता है, वातावरण से दूर होता है, शिक्षा भी नहीं प्राप्त कर सकता है, समाज से तिरस्कृत, जाति से तिरस्कृत धन और साधन से वंचित होता है तो वह हौसला कहा से लाएगा, और क्या वह भविष्य की कल्पना बटोरेगा ? कैसे वह राष्ट्र की सेवा करेगा जब अपनी ही सेवा करने मे विपन्न और अकिंचन है।

मैं मत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि अन्ततोगत्वा उन का ध्यान और उन की मिनिस्ट्री का ध्यान बच्चो की तरफ गया और उन्होंने कोई ऐसा प्वाइट इस मे छोडा नही —

"The children shall be covered by a comprehensive health programme."

हेल्थ, शिक्षा, सस्कार, राष्ट्रीयता सारी चीजें आप ने रखी हैं। लेकिन आप ने एक जगह रखा है कि —

"The State shall take steps to provide free and compulsory education for all children upto the age of 14."

वह स्टेट की बात जहां है वहा मुझे थोडी सी परेशानी होती है और सदेह होता है। आप एक ऐसा फेज्ड प्रोग्राम बनाइए, प्लानिंग कमीशन के मत्री जी अभी यहा बैठे हुए थे, मालूम नही कहां चले गए, प्लानिंग कमीशन से योजना बनवाइए, उसके कार्यान्वयन के लिए फेज्ड प्रोग्राम बनाइए और सुब्रह्मण्यम् साहब से पैसा लीजिए। यह आप का डाक्यूमेंट कहीं ऐसा न हो कि ऐसा का ऐसा ही रह जाय। बच्चे जब पढ़ेंगे और देखेंगे कि यह सुविधाएं उन को नही प्राप्त हुई हैं तो इसकी तमाम रिस्पान्सेबिलिटी आप पर आयद होगी। इसलिए आप अमली सुरक्षा के लिए जो आप की कल्पना है उस को अमली जामा पहनाने के लिए इस को फेज्ड प्रोग्राम दीजिए और इस की एकाउटबिलिटी टू पार्लियामेंट सेंटर मे रखिए क्यो कि सेंटर अगर स्पांसर कर देगा इस नीति को तो स्टेट को आप डायरेक्टिव दे सकेंगे। उन को आप पैसा दीजिए, डायरेक्टिव दीजिए और इम्प्लीमेंटेशन देखिए। इस का तत्र आप अपने हाथ मे रखिए। यूनाइटेड नेशन्स के चार्टर से लेकर यहा तक जो आप की कल्पना है वह बहुत ही श्लाघनीय है, बहुत ही प्रशसनीय है। वह बच्चों के हित मे है, राष्ट्र के हित मे है लेकिन अंत मे इस का इम्प्लीमेंटेशन होना चाहिए ताकि ऐसा न हो।

जैसा कि कहा गया है, हम बहुत सारी बाते करते हैं। एक तरफ हमारे यहां आन्दोलन चल रहा है कि बच्चे पैदा न हों लेकिन जो बच्चे पैदा हो गए हैं उनके लिए आप नही कह सकते हैं कि हम उनकी देख-भाल नही करेंगे। यह ठीक है कि जनसंख्या की गति रुकनी चाहिए लेकिन जो बच्चे पैदा हो गए हैं उनकी देखभाल उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य का प्रबन्ध, उनको अच्छा नागरिक बनाने, उनको अनि-पान से ऊपर उठाने की आवश्यकता है। इसके लिए आप फेज्ड प्रोग्राम बनाकर स्टेट्स को डायरेक्टिव दीजिए और पैसा सुब्रह्मण्यम जी से लीजिए तथा प्लानिंग कमीशन से लीजिए। आपका जो सकल्प है उसमे आप कामयाब हों, इस आशा के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हू।

MR. CHAIRMAN: I have before me a list of six speakers. The hon. Minister was to be called at 5.30 p.m. but, in order to accommodate the hon. Members, he will now be called at 6 O'clock just to begin.

I now request the hon. Members to keep to the time. The maximum time allowed is 5 minutes.

Now, Mr. Ram Gopal Reddy.

श्री हुकम राम चौधरी रेड्डी (निजामाबाद) सभापति जी, यह जो कहा जा रहा है कि बच्चा पैदा होने के बाद उसको शिक्षा शुरू हो जाती है, मैं समझता हूं असल में बच्चा जब मां के पेट में रहता है उसी समय से उसकी शिक्षा शुरू हो जाती है। अभिमन्यु ने अपनी मां के पेट से बहुत सीख लिया था—यह जो कहानी है यह बिल्कुल सही है। इसलिए बच्चा पैदा होने से पहले हमें मां की देख-भाल करनी चाहिए। पहले एक स्कीम थी कि गर्भिणी माताओं को अंडा, दूध, मछली—हर तरह की चीजें खिलाई जायें लेकिन गरीबी की वजह से वह औरतें यह सारी चीजें अपने हस्बैंड को खिला देती थीं। वह स्कीम शायद अब छोड़ दी गई है। मैं चाहता हूं कि जो गरीब हामिला औरतें हों उनको अच्छा खाना मिलना चाहिए ताकि बच्चे पैदा होने से पहले ही मजबूत बन सकें।

इसी प्रकार से जो बच्चे पैदा होते हैं उनमें अमीर और गरीब की बात पैदा होती है, उनको अलग तरह की शिक्षा दी जाती है उसकी वजह से उनमें इन्फीरियारिटी काम्प्लेक्स पैदा होता है, उनमें अपने को छोटा महसूस करने की भावना पैदा हो जाती है। मैं चाहता हूं जो गरीबों के बच्चे हों उनके लिए भी अच्छी से अच्छी शिक्षा का इन्तजाम होना चाहिए। उनके मन में यह चीज नहीं पैदा होनी चाहिए कि हम छोटी जात के हैं या छोटे तबके के हैं। बहुत कम लोग इस भावना से ऊपर आ पाये हैं जैसे डा० अम्बेदकर, संजीवैया जी और हमारे जगजीवन राम बाबू या इस तरह के दूसरे लोग जो पोलिटिकल फील्ड में हैं। इसलिए सरकार की तरफ से उनको ज्यादा से ज्यादा मदद देने की बात होनी चाहिए। यह कहना ठीक नहीं होगा कि मिशनरी स्कूल्स और पब्लिक स्कूल्स को समाप्त कर दिया जाये क्योंकि किसी महल को बनाने के वास्ते, जो पहले से बना हुआ हो उसको बर्बाद करने की जरूरत नहीं है। पब्लिक स्कूल भी रहने चाहिए लेकिन आम स्कूलों को भी उनकी लेविल तक लाना चाहिए। क्या सरकारी स्कूलों में तनख्वाह नहीं दी जा रही है मिशनरी स्कूलों में जो तनख्वाह दी जा रही है उससे ज्यादा सरकारी स्कूलों में तनख्वाह दी जा रही है फिर भी उनका स्टैंडर्ड गिरा हुआ है। इसलिए मंत्री जी स्कूलों में टीचिंग को अच्छे से अच्छा बनायें। बहुत सी जगहों पर लोगों को सिफारिश से टीचर की नौकरी मिल जाती है, लेकिन उन को पढ़ना और लिखना नहीं आता। परसों ही मैंने अखबार में पढ़ा था कि मास्टर जी को दस्तखत करना भी नहीं आता, लेकिन 15 साल से टीचर लगे हुए थे। ऐसे टीचर्स से बच्चों का भला नहीं हो सकता है। हम को टीचर्स के लिये, आचार्य के लिये शुरू से ही इन्तजाम करना चाहिये उन का टेस्ट होना चाहिये और जो टेस्ट में पास हों उन को टीचर रखना चाहिये जो पास न हों उन को पुलिस में भरती कर लेना चाहिये।

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : सभापति जी बच्चों के सम्बन्ध में राष्ट्रीय नीति के संकल्प पर हम इस समय बहस कर रहे हैं। इसमें जिन 15 सूत्रों का उल्लेख है, उन का हर विवेकशील व्यक्ति समर्थन करेगा, ये सूत्र बिलकुल सही है लेकिन प्रश्न यह है कि इन सूत्रों को अमल में कैसे लाया जाय। अभी हमारा देश एक पूंजीवादी व्यवस्था से होकर गुजर रहा है, इसलिये हमारे देश में एक किस्म के बच्चे नहीं हैं—अमीरों के बच्चे हैं, गरीबों के बच्चे हैं और गरीबों में भी तरह तरह की श्रेणियां हैं, हरिजनों के बच्चे हैं जिन के लिये कोई भी साधन उपलब्ध नहीं है—विकास करने के इसी तरह से दूसरे कमजोर वर्ग के बच्चे हैं—लाखों लाख बीड़ी मजदूरों के बच्चे हैं, जो बचपन से ही काम करना शुरू कर देते हैं बीड़ी बनाना शुरू कर देते हैं—इन बच्चों

तोड़ी बनाना शुरू कर देते हैं—इन बच्चों की शिक्षा दीक्षा की क्या व्यवस्था है—आप इन से ज्यादा जानते हैं। इन के अलावा हमारे देश में अंधे बच्चे हैं, विकलांग बच्चे हैं—इन की संख्या कम नहीं है, कई लाख तो अंधे बच्चे हैं—इस तरह के बच्चों को ऊपर उठाने का सवाल आज हमारे सामने है। पाण्डे जी ने अभी ठीक ही कहा था—शिक्षा तो आवश्यक है ही, लेकिन सब से जरूरी सवाल है उन को स्वस्थ रखने का। अगर वे स्वस्थ नहीं होंगे तो उन के लिये कोई पब्लिक स्कूल काम आयेगा और न कोई साधारण स्कूल उन की मदद कर सकेगा। इस लिये बच्चे पैदा होने के बाद स्वस्थ रहें—इस का बन्दोबस्त आप को सब से पहले करना है।

अमीरों के पास तो साधन है—वे अपने बच्चों की शिक्षा दीक्षा का प्रबन्ध धन के बल पर कर लेते हैं, आप को गरीबों के बच्चों की तरफ ध्यान देना चाहिये और ऐसे नियम बनाइये जिस से उन की ज्यादा से ज्यादा मदद की जा सके।

एक तरह के बच्चे और हैं—जिन को "गैर-कानूनी" बच्चे कहा जाता है। शादी से पहले जो बच्चे पैदा हो जाते हैं आज उन की क्या स्थिति है, उस औरत की स्थिति क्या होती है—आप अन्दाज लगाइये। सच बात तो यह है कि उन बच्चों की हत्या कर दी जाती है, उन बच्चों को कोई अधिकार नहीं मिलता उन को जीने का अधिकार दिलाइये। अगर इस तरह का काम आप करेंगे तो आप के संकल्प का जो उद्देश्य है—उसमें जो शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास की बात की गई है—उस को सही मायनों में पूरा कर सकेंगे। इस तरफ आप को ध्यान देना चाहिये।

जहां तक बच्चों को स्वस्थ रखने का प्रश्न है—इस सम्बन्ध में आप को तथा स्वास्थ्य मंत्रालय को मिल कर परस्पर सहयोग से काम करना चाहिये। बहुत सी ऐसी बीमारियां हैं—जैसे पोलियो, कुकुर-खांसी डिफ्थीरिया—इन खतरनाक बीमारियों से बचाने के लिये आप ने जो ट्रिपल इंजैक्शन की प्रथा चलाई है—यह शहरों में तो कुछ चलती है लेकिन देहातों में इस का नामो-निशान तक नहीं है।

देहात में रहने वाले बच्चों के लिये, गरीब लोगों के बच्चों के लिये, गन्दी बस्तियों में रहने वाले बच्चों के लिये, कोयला खान में काम करने वाले मजदूरों के बच्चों के लिये अगर आप इन ट्रिपल इंजैक्शन का इन्तजाम कर दें तो बहुत बड़ा काम आप कर देंगे। उस के बाद आप शिक्षा की तरफ ध्यान दें। मैं यह भी चाहता हूं कि शिक्षा एक ही प्रकार की दी जाये। जब तक आप यह नहीं करेंगे तब तक अमीरों के बच्चे शासक वर्ग में ही आते रहेंगे और शासन करते रहेंगे और गरीबों के बच्चों को वैसी शिक्षा नहीं मिल पायेगी और वे शासक वर्ग नहीं बन सकेंगे। अंग्रेजी वे जानते नहीं हैं और अंग्रेजी जानने वालों को आप ने अभी तक शासक बना रखा है। जब तक ये बने रहेंगे जो शासित हैं वे ऊपर नहीं उठ सकेंगे।

आखिरी बात मैं पैसे के बारे में कहना चाहता हूं कि आप कहते हैं कि पैसा कहां से आएगा। मैं समझता हूं कि हमारे देश में धन की कमी नहीं है। 75 इजारेदार परिवार हमारे देश में हैं, पूंजीपति हमारे देश में हैं, अरबपति और खरबपति हमारे देश में हैं जिन के साथ आप जरा सख्ती करें, सख्ती से उन के साथ पेश आयें जबर्दस्ती उन से पैसा लें तो कोई वजह नहीं है कि पैसे की कमी आप अनुभव

[ श्री रामावतार शास्त्री ]

करें। पैसे की देश में कतई कमी नहीं है। इस ओर आपका ध्यान गया तो बच्चों का स्वास्थ्य भी ठीक होगा, उन की पढ़ाई भी ठीक होगी, उनका आचरण भी ठीक होगा, अच्छे बच्चे पैदा होंगे और दुश्चरित्रता, अनुशासनहीनता जैसी तमाम बातें देश से खत्म होंगी।

इन शब्दों के साथ मैं इस संकल्प का समर्थन करता हूं।

**श्री सुखदेव प्रसाद वर्मा** (नवादा) : शिशुओं के सम्बन्ध मे राष्ट्रीय नीति सम्बन्धी जो संकल्प प्रस्तुत किया गया है, उसमें जिन बातों का उल्लेख किया गया है, उसके सम्बन्ध में कोई दो राय नहीं हो सकती हैं और उन से किसी का मतभेद नही हो सकता है। मैं समझता हूं कि अगर सचमुच में इस नीति का सही तौर पर और पूरे दिल से पालन किया जाय, इसका कार्यान्वयन किया जाय तो देश मे समाजवादी व्यवस्था या समाजवादी समाज कायम करने मे यह चीज बहुत सहायक सिद्ध हो सकती है।

सभापति महोदय, लेकिन विचार करने की बात यह है कि आज देश की हालत क्या है और किस तरह से हम इसको बदलना चाहते हैं। मेरे मित्र ने ठीक कहा है कि बच्चा जब पैदा होता है, उस से पूर्व मे ही हमें उस पर विचार करना होगा। एक तरफ तो समाज के ऐसे लोग हैं जो बड़े बड़े अस्पतालों में बच्चा पैदा करवाने के लिये जाते हैं और उन के चारों ओर बड़े बड़े डाक्टर और नर्सें रहती हैं और अच्छी से अच्छी दवाइयां उन को उपलब्ध होती हैं और दूसरी ओर समाज की अवस्था यह है कि वह वर्ग है जो दिन भर खेत खलिहान में काम करता है, कारखानों में काम करता है और काम करते उस के बच्चा पैदा हो जाता है और ऐसी झोपड़ी में या अंधेरे घर में पैदा होता है जहां रोशनी तक की व्यवस्था नहीं होती है। यह है समाज की दो प्रकार की बनावट। अगर इस को ध्यान में रखा गया और इस में सुधार की व्यवस्था की गई तो हो सकता है कि उसका कोई अच्छा फल निकले। आपको चाहिये कि आप गांव के वास्ते सुविधायें उपलब्ध करें। जिस तरह से समाज के उस वर्ग की स्त्रियां बच्चा पैदा करने के लिये बड़े बड़े अस्पतालों में जाती हैं, प्रसूती गृहों में जाती हैं जहां वे डाक्टरों और नर्सों से घिरी रहती हैं उस तरह को नहीं तो कुछ तो व्यवस्था आप को उन के वास्ते करनी चाहिये जिन की झोपड़ियों में चिराग तक नहीं होता है और जिन को काम करते करते बच्चा पैदा करना पड़ता है। जब यह समाज की बनावट है तो इस नीति का कैसे आप पालन करेंगे यह बहुत बड़ा प्रश्न है जिस का जवाब हमें देना होगा।

यह संकल्प 1974 का है। राष्ट्रीय नीति आप बनाने जा रहे हैं। मेरे मित्र ने पब्लिक स्कूल का और सरकारी स्कूलों का जिक्र किया है। उन्होंने मांग की है कि पब्लिक स्कूल बन्द करके सरकारी स्कूलों में सब को शिक्षा की व्यवस्था होनी चाहिये। यह अच्छी बात है। समान शिक्षा सब के वास्ते हो यह अच्छा लगता है। किन्तु यह संभव है या नहीं इस को आप देखें। मैं सैंट्रल स्कूल्ज की बात आपकी सेवा मे रखना चाहता हूं। मैं आश्चर्यचकित हूं इस को देख कर कि वहां किस आधार पर बच्चों की भरती की जाती

है। 1974 की आप की नीती बनी हुई है। आप ने यह स्थिति बना रखी है कि इन स्कूलो में पहले तो केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के बच्चे भरती होंगे और अगर जगहें बाकी रह जाती हैं तो राज्य सरकारों में जो कर्मचारी काम करते हैं उन के बच्चे भरती होंगे। इस नीती की वजह से वे मेधावी छात्र जो इन स्कूलों में भरती होना चाहते हैं भरती होने से वंचित रह जाते हैं। अब आप अगर इस नीति को नहीं बदलते हैं तो जो नीति आप इस संकल्प में लाये हैं इस पर कौन विश्वास कर सकता है, यह एक विचारणीय प्रश्न है। कम से कम सैंट्रल स्कूलों में ऐसे छात्रों की भरती के वास्ते दरवाजे खोलें जो मेधावी हैं फिर चाहे वे झुग्गी झोपड़ी में रहते हो या बड़े महलों में रहते हो, अमीरों के बच्चे हो या गरीबों के हों। सब को समान अवसर आप को इन स्कूलों में भरती होने का देना चाहिये। इस वक्त यह दरवाजा आप ने बन्द कर रखा है। जब आपने यह नियम बना रखा है कि केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियो के बच्चे और उस के बाद राज्य सरकारों के कर्मचारियों के बच्चे भरती इन स्कूलों में किये जायगे और समाज में मेधावी छात्रों को भरती से वंचित रखा जायगा तो मैं समझता हूं कि आप की इस नीति पर लोग विश्वास नही करेंगे। अगर आप चाहते हैं कि लोग आप की नीति पर विश्वास करें तो इन के दरवाजे आप सब के लिये खोल दे और लोगों को ऊपर उठने का मौका दे।

हमारे और मित्र कह रहे थे जैसी समाज की बनावट है उस पर विचार करना होगा। इस दृष्टि से पैसा कहां से आये इस के संबंध में प्लानिंग कमीशन, वित्त मंत्री जी और आप सब मिल कर विचार करें अगर अपने संकल्प को लागू करने का आप का दृढ़ विचार है तो इस के लिये पैसा इकट्ठा करना पड़ेगा। और मैं इस बात को मानता हू कि देश के अन्दर विश्वास पैदा करने के लिये यह आवश्यक है कि देश के तमाम बच्चों को, चाहे वह किसी वर्ग के क्यों न हो समान अवसर मिलना चाहिये। अगर शिक्षा की पद्धति को एक समान सारे देश में लागू करना चाहते हैं जो हमारी राष्ट्रीय नीति है, जिस की अध्यक्षता प्रधान मंत्री हैं, उस नीति को सम्पूर्ण देश के सामने रखने के लिये आप को तमाम कामों मे समान अवसर प्रदान करने होंगे।

स्वास्थ्य के बारे में मैंने अभी बताया कि बच्चे कैसे पैदा होते हैं एक किस तरह से पलते हैं और दूसरे किस तरह से पलते हैं। एक बेचारी मा अपने बच्चो को झोपडीयों में छोड़ कर मजदूरी करने जाती है और कुछ बच्चे ऐसे हैं जिन की मा उन को देखभाल नही करती हैं, बल्कि उन को देखने के लिये आया लगी हुई है। अगर समान अवसर देने का हमारा इरादा है, जिस की हम में शक्ति है, तो उस की व्यवस्था नीचे से करनी होगी। 20 सूत्री कार्यक्रम का मतलब ही यह है कि कमजोर को उठाना चाहते हैं। अतः उन को उठाने के लिये बच्चों की नीति सम्बन्धी बातों के लिये आप को अपने कार्यक्रमो के

[श्री सुखदेव प्रसाद वर्मा]

मनोरंजन, स्वास्थ्य, शिक्षा, और रहन सहन की व्यवस्था में समान अवसर प्रदान करने की नीति लानी होगी।

PROF NARAIN CHAND PARASHAR (Hamirpur): Sir, I rise to support the Resolution on the National Policy for Children.

It is very important that the Resolution should have come at this time, well before 14th November which happens to be the Children's Day for India. Children are the wealth of the nation and there is no doubt about it. It is only fit and proper that the Minister of Education has come forward with the concept of National Policy for Children. Children have to be looked after from three angles—(i) their health, (ii) their education and (iii) their preparation for becoming useful citizens of the country. If there are any lacunae in any one of the directions, then the children suffer and, as a whole, the society suffers. There are fifteen points which have been put forward by the hon. Minister in this Resolution. No one can be there to say that he is not in agreement with these fifteen points. In fact, each one of the points stresses the very fact that the children are to be protected and their interests are to be promoted. So far as the health of the children is concerned, this is a matter which should be our primary consideration because we do not find at least one maternity centre in everyone of these 5,25,000 villages of India. When there is no maternity centre where the children are to be well received by the trained persons, we may be sure that they will not be looked after well thereafter. So, the primary consideration should be that at least each village of India should have at least one maternity centre where safe child-birth can be ensured. Even after birth, he or she may be looked after in a manner which has all the ingredients of science and nutrition and where all these things are taken care of from the very beginning itself.

In addition to that, in this country, there is no provision for pre-primary education so far as rural India is concerned. May I request the hon. Minister for Education, at least as a token of goodwill to the children to plan one thing that at least in all the community development blocks of this country which are 5,046 in number in all the 22 States of India and Union Territories put together, there should be one Centre where the children can play and where they can be looked after and where they can be provided with all the instruments, all the equipments etc. for the pre-primary education including games and recreation?

If it not possible to provide maternity centre in all the villages let us start with block headquarters. I was very keen to bring this to the notice of the Education Minister that Central schools are doing good work but they are located mostly in the cities. I put forward a suggestion let every block headquarter be selected and there we provide nucleus of education in the form of a model school. There was this idea of a model school on the pattern of Central schools for the rural population of India. There are problems for the children in the cities. The children in the cities should be protected but today in India if we compare the rural child to the urban child it is the rural child which is suffering more. Whereas the urban child has all the facilities available, the rural child has to walk for miles together to see that those facilities are available to him. I would request the hon. Minister to start with the implementation of this programme right from the community development centre or you can say block development headquarter as the base if not the village. Unless we give the right start we cannot do good to the children in the

rural areas. It is good that in this year we are making Education a Concurrent subject. As such, the Ministry of Education will have to shoulder greater responsibility in regard to the education of children. Secondly, the Ministry of Health can also coordinate efforts with this Ministry and then we can think of uniform system of planning for all the villages in India. To start with is should be implemented at least at the block level so that we can give to the schools run by the municipal committees and zila parishads a medicum of uniformity which is ideal for our country. I agree that children all over India should have the same uniform. It must be a very simple type of uniform but it must be compulsory for all schools.

If we cannot collapse all the various types of schools, *viz.*, public schools, private schools and municipal schools into a uniform pattern, what is the harm in prescribing one uniform for all schools. In Japan I have seen students coming from rich and poor families dressed in the same uniform dancing, playing and learning together. We must also remember that education does not mean only learning of three Rs. It also means education of the heart, mind and education of the body. Therefore, it is in this respect that I want to stress that recreation for children must be given due priority. Our children must be good players, good students, good artistes and good citizens of the country.

With these words I praise this Resolution and request the Minister to see that passing of this Resolution by the Parliament will have little meaning unless he makes a bold effort in record to the implementation of this programme and that too before the 14th November which happens to be the birthday of our late Prime Minister.

**श्री शंकर दयाल सिंह** (चतरा): सभापति महोदय, मैं इस प्रस्ताव में सम्बन्ध में कुछ सुझाव देना चाहता हू और आशा करता हूं कि शिक्षा मंत्री उन पर ध्यान देंगे।

देश में एक राष्ट्रीय बाल नीति की आवश्यकता थी, और उस पर सरकार ने ध्यान दिया है, यह बड़ी खुशी की बात है और इस के लिये शिक्षा मंत्री भी बधाई के पात्र हैं। जिस संस्था की अध्यक्षता स्वयं प्रधान मंत्री जी करेंगी उस के सम्बन्ध में कुछ कहने की गुंजायश नहीं है, क्योंकि जब प्रधान मंत्री जी उस की अध्यक्षता करेंगी तो वह निश्चित रुप से देश का मार्ग दर्शन करेगी, और खासकर बच्चो को एक अच्छा रास्ता दिखायेंगी, जिन के कुछ शक्तियों द्वारा गुमराह होने का सदा डर लगा रहता है, ऐसा हमें विश्वास है।

राष्ट्रीय बाल नीति का सब से पहला चरण यह होना चाहिये कि गरीब और अमीर सभी बच्चों को पढ़ने का समान अवसर प्राप्त हो। मेरे मित्रों ने ठीक कहा है कि जो लड़के पब्लिक स्कूलों में पढ़ते हैं, वे काम्पीटीटिव एग्जामिनेशन्ज मे सफल हो जाते हैं, लेकिन गांवों में पढ़ने वाले बेचारे गरीब लड़के कहीं भी सफल नही हो पाते हैं—वे क्लर्की में भी छट जाते हैं। अगर गांवों के उन लड़कों को भी शिक्षा के सामान अवसर प्राप्त हों, तो वे भी आई० ए० एस० और आई० पी० एस० हो सकते हैं।

यह भी आवश्यक है कि बच्चो को शुरु से ही शिक्षा के साथ साथ सभी कामों की निष्ठा सिखाई जानी चाहिये। उन को कृषि, पशु-पालन,

[श्री शंकर दयाल सिंह]

मुर्गी पालन और कारपेंट्री आदि का ज्ञान होना चाहिये, ताकि वे पढ़ लिख कर केवल क्लर्की की तरफ न दौड़े, बल्कि अन्य काम करने मे भी समर्थ हों।

जहां तक खेल-कूद का सम्बन्ध है, हम ने पश्चिमी खेल-कूद की तरफ बहुत ध्यान दिया है, लेकिन हम अपने देश के खेल-कूदों को भूल गये हैं। हम ने हर जगह क्रिकेट और बैडमिंटन की शिक्षा दी है, लेकिन हम ने कबड्डी और चिकनिया को भूला दिया है, जिन के द्वारा देहात मे बच्चे शुरु से ही तगडे बने रहते थे।

यह भी व्यवस्था करनी चाहिये कि हमारे बच्चों को मातृभाषा का अच्छा ज्ञान हो। आज बहुत से लडके ऐसे हैं, जो पढ लिख तो जाते हैं और विदेशी भाषा मे बडे निष्णात और पडित हो जाते हैं, लेकिन घर की भाषा के सम्बन्ध मे कुछ भी नही जानते हैं। जब कभी हिन्दी की ड्राफ्टिंग और नोटिंग का प्रश्न आता है, तो कहा जाता है कि हमें इस का ज्ञान और अभ्यास नहीं है। इसलिये यह आवश्यक है कि हमारे बच्चों को विदेशी भाषा की तुलना में अपनी मातृभाषा का अधिक अच्छा ज्ञान होना चाहिये।

अभी श्री संजय गांधी ने युवा लोगों के लिये जो पांच कार्यक्रम दिये हैं, उन को इस नीति में प्राथमिकता मिलनी चाहिये, ताकि प्रारम्भ से ही बच्चों की फाउंडेशन अच्छी बने। आज पढ़ाई का अर्थ वह नही है, जो पहले थे। पहले पढ़ाया जाता था "क" से "कौआ" और "ख" से खरहा"। लेकिन आज "क" से कमाओ" और "ख" से "खाओ" पढ़ाया जाना चाहिये, अर्थात जो कमायेगा वही खायेगा।

अन्त में मैं यह कहना चाहता हूं कि जिस बोर्ड का गठन हो रहा है, वह बहुत बड़ा है। उस को छोटा करना चाहिये। बाहर से 7 लोग और राज्यों से 10 लोग लिये जायेंगे। जब कि लोक सभा के केवल दो मेम्बरों और राज्य सभा के एक मेम्बर को लिया जायेगा। मैं समझता हू कि लोक सभा से कम से कम तीन मेम्बरों और राज्य से कम से कम दो मेम्बरों को कुल 5 मेम्बरों को, लेना चाहिये।

इन शब्दों के साथ मैं राष्ट्रीय बाल नीति सम्बन्धी इस संकल्प का समर्थन करता हू।

SHRI D BASUMATARI (Kokrajhar) I am very glad that a Policy Resolution in regard to children has been adopted by Government Unless our children become good citizens, we cannot develop our country We have so many programmes and policies for development of the country, but if we want to build up the country and build up the nation, we have to build up our children

We have seen, for a long time now that whatever policy we enunciate, after adopting it or adopting a Bill or passing a Resolution, we forget about it. We do not have a follow-up programmes. That is the main difficulty with us. That is the headache that we have created for ourselves that we forget about it after adopting policies, or adopting resolutions.

Take, for example, education. Education is a nation-building mechinery. Unless proper education is there, the nation cannot be built up. Therefore, we should have better education. Children must be taught from childhood. They must be taken care of from the womb. In other countries they do it. For that the mother should be taken care of and given good food (*Interruption*). We cannot laugh at this. Unless the mother is given good food, children cannot be healthy. So from the beginning, the child must be taken care of when it is in the mother's womb. It could be possible if the growth in population is stopped; there should be a decrease in the rate of growth of population. At the same time, we should not go out of our country. Let us see the schools run by missionaries and also the schools run by the government. When I compare the results of the government school students in the matriculation examination in Assam with the results of the mission schools, I find that the results of the mission schools and colleges are much better; it is shameful to find this. So, we should not adopt the resolution and forget the whole thing There should be implementation. I feel that there should be residential schools and unless we have residential schools we cannot give good education to the children who come from the rural areas and villages. Children coming from poor strata of society do not know what is what and for that purpose residential schools are necessary to educate them properly. When we compare the scales of pay, we find that the government school teachers are less paid compared to the mission school teachers. They pay high and get work. So, I request the hon. Minister to see that teachers are given proper remuneration.

One point more. We have a number of central schools and in some areas there are no primary sections. For example in the central school at Gauhati there is no primary section.

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF EDUCATION AND SOCIAL WELFARE AND IN THE DEPARTMENT OF CULTURE (SHRI D. P. YADAV) There is.

SHRI D. BASUMATARI: Yesterday I was there; I know there is no primary section. The other point is that when you have central schools in other states, for interview and appearing in examination why should they come here? 102 persons appointed for eastern zone under one assistant commissioner had been sent from Delhi; and these appointed or selected candidates are to be sent to West Bengal, Assam, Manipur, Tripura and Meghalaya. There was hue and cry among the people there. You talk of decentralisation. If this happens, what kind of decentralisation is this? So, this should also be looked into and there should be consideration to hold interviews and examinations in the States where the teachers are to be appointed.

THE MINISTER OF EDUCATION, SOCIAL WELFARE AND CULTURE (PROF. S. NURUL HASAN): I am most grateful to the hon. Members for the support that they have given to the National Policy Resolution, for the concern that they expressed for the children of the country and for the future of the nation.

MR. CHAIRMAN: The hon. Minister may continue tomorrow.

18 hrs.

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the clock on Wednesday, August 11, 1976/Sravana 20, 1898 (Saka).*

GMGIPND—Lino—1282L.S.— 25-8-76—978.